कोटद्वार, बुधवार
18 सितम्बर 2024
वर्षः 46
अंकः 142 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक: स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### 10 अक्टूबर को बंद होंगे हेमकुंड के कपाट

चमोली : सिखों के तीर्थ हेमकुंड साहब के कपाट आगामी 10 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे शीतकालीन अवकाश के लिए बंद कर दिए जाएंगे। गुरूद्वारा श्री हेमकुंड साहब मैनेजमेंट ट्रस्ट की बैठक में कपाट बंद होने की तिथि तय की गई। बता दें कि इस बार हेमकुंड के कपाट 25 मई को प्रातः 9 बजे दर्शनार्थ खोले गए थे। हेमकुंड ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेन्द्र जीत सिंह बिन्द्रा ने बताया कि इस वर्ष अभी तक 01लाख 86 हजार के लगभग तीर्थ यात्रियों ने हेमकुंड के दर्शन अभी तक किए हैं। कहा कि अब बरसात रूकते ही एक बार फिर से हेमकुंड साहब की यात्रा में तेजी आने लगी है व ट्रस्ट को उम्मीद है कि बचे हुए 22 दिनों में पचास हजार से अधिक तीर्थ यात्री हेमकुंड के दर्शन को पहुंचेंगे। बताया कि बरसात थमते ही एक बार फिर से हेमकुंड आने वाले इच्छुक तीर्थ यात्री ट्रस्ट से संपर्क करने लगे हैं । गुरूद्वारा गोविन्दघाट के प्रबंधक सेवा सिंह ने बताया कि अभी हेमकुंड का मौसम काफी सुहाना बना हुआ है व सप्तश्रृंग पर्वत श्रृंखलाओं में हल्की बर्फ जमी है साथ ही पूरा पैदल मार्ग एकदम ठीक है साथ ही यात्रा मार्ग में कई प्रकार के रंग बिरंगे फूल भी खिले हुए हैं जो हेमकुंड आने वाले तीर्थ यात्रियों को रोमांचित कर रहे हैं। बताया कि 10 अक्तूबर को कपाट बंद करने की तैयारी गुरूद्वारा ट्रस्ट ने शुरू कर दी है व कपाट बंदी की परिक्रियायें उस दिन प्रातः आठ बजे से शुरू होंगी। (एजेंसी)

### टेलीफोन के तारों में फंसा गुलदार

नई टिहरी : तीर्थनगरी देवप्रयाग में टिहरी-देवप्रयाग मार्ग पर गोसिल गांव के समीप सड़क पर पड़े टेलीफोन तार से उलझकर एक गुलदार उसमें फंस गया। गुलदार को तार में फंसा देख ग्रामीणों मे दहशत फैल गई। सूचना पर पहुंची वन विभाग टीम ने तार में फंसे गुलदार को किसी तरह छुड़ाकर रेस्क्यू सेंटर भेज दिया है। मंगलवार तड़के ब्लॉक मुख्यालय हिंडोलाखाल से दो किमी आगे गोसिल गांव के समीप एक गुलदार टेलीफोन तार में फंस गया। पूर्व प्रमुख जयपाल पंवार ने बताया कि गोसिल गांव से गुजर रहे वाहन चालकों को सड़क किनारे तारो में फंसा गुलदार दिखाई दिया। जिसके बाद उन्होंने यहां घास काटने जा रही महिलाओं को इसकी सूचना दी। थोड़ी देर में यह खबर सभी जगह फैल गयी और गुलदार देखने के यहां भारी भीड़ जुट गई। ग्रामीणों की सूचना पर रेंजर मदन सिंह रावत की अगुवाई में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने गुलदार को इंजेक्शन देकर बेहोश कर तारों से छुडाकर रेस्क्यू सेंटर भेज दिया। रेंजर के मुताबिक घायल गुलदार का रेस्क्यू सेंटर में मेडिकल करने के बाद उपचार किया जाएगा। (एजेंसी)

### लापता शिक्षक का खाई में मिला शव

अल्मोड़ा। विगत दिनों से लापता चल रहे शिक्षक का शव आरतोला के पास सड़क से करीब 300 मीटर खाई में मिला है। शिक्षक के शव के साथ ही स्कूटी भी मिली है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि बारिश के मौसम में बरसाती गधेरे की चपेट में आने से हादसा हुआ होगा। नगर के धारानौला निवासी व वर्तमान में मकड़ाऊं में तैनात शिक्षक संजय कुमार टम्टा (35) पुत्र खीम राम टम्टा विगत शुक्रवार से लापता चल रहे थे। दन्या पुलिस मामले में गुमशुदगी दर्ज कर शिक्षक की तलाश कर रही थी। जानकारी के मुताबिक राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मकड़ाऊं में तैनात शिक्षक संजय कुमार अपनी स्कूटी से शुक्रवार को सुबह करीब साढ़े नौ बजे ध्याड़ी से अल्मोड़ा को निकले थे। काफी देर तक उनके घर नहीं लौटने पर परिजनों ने ढूंढखोज शुरू कर दी। लेकिन कहीं से भी शिक्षक का सुराग नहीं लग पाया। इसके बाद परिजनों ने दन्या पुलिस को उनके लापता होने की सूचना दी। थानाध्यक्ष दन्या जसविंदर सिंह के नेतृत्व में थाना दन्या पुलिस टीम द्वारा दो दिन लगभग 20 घंटों तक मकड़ाऊं से पनुवानौला तक लगभग 30 किलोमीटर क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया गया। पुलिस टीम ने सीसीटीवी की भी जांच की। सर्च अभियान के दौरान मंगलवार को गुमशुदा संजय कुमार टम्टा का शव आरतोला के पास सड़क से करीब 300 मीटर नीचे ग्राम खसपड गधेर में स्कूटी सहित मिला।

# देशभर में बुलडोजर कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

## ● कहा– हमारी अनुमति से ही लें एक्शन

नई दिल्ली। देशभर में अपराधियों और अन्य मामलों में बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा कि अगले आदेश तक देश में कहीं भी मनमाने ढंग से बुलडोजर की कार्रवाई नहीं होगी। हालांकि यह सुप्रीम कोर्ट का अंतरिम आदेश है। शीर्ष अदालत इस संबंध में दिशा–निर्देश जारी करेगा। देश के सभी राज्यों को इन निर्देशों का पालन करना होगा। बुलडोजर एक्शन के खिलाफ याचिका पर सुप्रीम कोर्ट अब एक अक्टूबर को अगली सुनवाई करेगा। शीर्ष अदालत ने बुलडोजर कार्रवाई के महिमा मंडन पर भी सवाल खड़ा किया। कोर्ट ने कहा यह रुकना चाहिए।

**अवैध निर्माण पर जारी रहेगा एक्शन**

सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि अगली सुनवाई तक हमारी अनुमति से ही एक्शन लें। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया है कि सड़क, फुटपाथ, रेलवे लाइन पर किए



गए अवैध निर्माण पर यह निर्देश लागू नहीं होगा।

**न्यायाधीश नहीं बन सकती कार्यपालिका**

वरिष्ठ अधिवक्ता सीयू सिंह ने कहा कि हर दिन तोड़फोड़ हो रही है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि 2022 में नोटिस दिया गया और उसके बाद कार्रवाई की गई। इस बीच अपराध भी हुए हैं। जस्टिस गवई ने कहा कि जब 2022 में नोटिस जारी किए गए तो 2024 में जल्दबाजी क्यों? राज्य सरकार को सूचित किया जाए। जस्टिस विश्वनाथन ने कहा कि मैं स्पष्ट कर दूं कि हमारे निर्देश होंगे। इन्हें गाइडलाइन कहा जा रहा है। अगली तारीख तक कोर्ट की अनुमति के बिना तोड़फोड़ पर रोक लगाई जाए। जस्टिस जे गवई ने कहा कि हमने स्पष्ट कर दिया है कि हम अनधिकृत निर्माण के बीच में नहीं आएंगे, लेकिन कार्यपालिका न्यायाधीश नहीं हो सकती।

**15 दिन में आसमान नहीं गिर जाएगा**

सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी विशेष शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए यह आदेश पारित किया। मगर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आदेश पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि वैधानिक अधिकारियों के हाथ इस तरह से नहीं बांधे जा सकते। इस पर पीठ ने कहा कि अगर दो सप्ताह तक तोड़फोड़ रोक दी जाए तो आसमान नहीं गिर जाएगा। जस्टिस गवई ने कहा, "अपने हाथ थाम लीजिए। 15 दिनों में क्या होगा?"

### चीनी नागरिक को झटका, कोर्ट का जमानत देने से इन्कार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने एक चीनी नागरिक को जमानत देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता के खिलाफ आरोप बहुत गंभीर प्रकृति के हैं। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पार्डीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने मंगलवार को कहा कि अपराध की गंभीरता को देखते हुए फिलहाल कोर्ट जमानत की मांग करने वाली याचिका पर विचार नहीं करेगी। मुकदमा अभी लंबित है।

**हाईकोर्ट जा सकता है याचिकाकर्ता**

याचिकाकर्ता छह महीने की अवधि समाप्त होने के बाद हाईकोर्ट जा सकता है। यह विकल्प खुला है। चीनी नागरिक रायन उर्फ रेन चाओ ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के 31 जुलाई के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

**चीनी नागरिक पर क्या है आरोप?**

रेन चाओ पर वीजा अवधि खत्म होने के बाद भी देश में रहने और अंतरराष्ट्रीय अपराध रैकेट चलाने और गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है। रेन चाओ को नौ जुलाई 2022 को नोएडा पुलिस ने धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश के आरोप में गिरफ्तार किया था।

# सरकारी भूमि पर अतिक्रमण व अवैध दस्तावेज बनाना गंभीर मामला:हाईकोर्ट

नैनीताल। हाईकोर्ट ने नेपाल मूल के लोगों द्वारा नैनीताल के आसपास सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने और गलत तरीके से भारत के दस्तावेज तैयार करने को गंभीर मामला माना है। कोर्ट ने मंगलवार को मामले की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से चार सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है। सरकार से पूछा है कि इस मामले में क्या कार्रवाई की गई है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रितु बाहरी और वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की।



अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी। नैनीताल निवासी पवन जाटव ने इस संबंध में जनहित याचिका दायर की है। इसमें कहा है कि बीते कई वर्षो से नेपाल से आए लोगों ने नैनीताल शहर और आसपास सरकारी भूमि पर कब्जा कर लिया है। जिले की ग्रामसभा खुर्पाताल के तोक खाड़ी स्थित बजून चौराहे के पास नेपाल मूल के करीब 25 परिवारों ने सरकारी और नजूल भूमि पर कब्जा करके आवासीय निर्माण कर लिया है। इन परिवारों ने भारत की नागरिकता हासिल करने के लिए न प्रार्थना पत्र लगाया और न ही देश की नागरिकता हासिल की। याचिकाकर्ता ने बताया कि इन लोगों ने अवैध तरीके से आधार कार्ड, वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, स्थाई निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, स्वास्थ्य सेवाएं कार्ड जैसे दस्तावेज बनाकर सरकारी योजनाओं का लाभ लिया है। याचिका में यह भी कहा है कि वोटर लिस्ट में नाम दर्ज कराकर इन लोगों ने पानी और बिजली के कनेक्शन आदि भी हासिल कर लिए हैं। इस संबंध में जिला प्रशासन और राज्य सरकार से कई बार शिकायत की, लेकिन शिकायत का निराकरण नहीं हुआ। याचिकाकर्ता ने कब्जा करने वालों पर ड्रग्स की तस्करी करने का भी आरोप लगाया है। जनहित याचिका में उन्होंने कोर्ट से प्रार्थना की है कि इस तरह की अवैध गतिविधियों पर रोक लगाई जाए। जिन अधिकारियों ने उन्हें ये प्रमाण पत्र जारी किए हैं, उनके खिलाफ भी विभागीय और दंडात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए जाएं।

# रामनगर अस्पताल के 350 कर्मियों के नौकरी पर लटकी तलवार



रामनगर। राजकीय संयुक्त चिकित्सालय में कार्यरत कर्मियों को नौकरी जाने का डर सता रहा है। अनुबंध समाप्त होते ही पीपीपी मोड के संचालकों ने कर्मचारियों को नोटिस दे दिया है। हालांकि संचालक अनुबंध के लिए प्रक्रिया जारी करने की बात कर रहे हैं। पर नोटिस के बाद कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है। रामनगर का सरकारी अस्पताल बदहाल स्थिति में था, इसके बाद पीपीपी मोड पर देकर अस्पताल का संचालन किया गया। लेकिन पीपीपी मोड के संचालक पर भी सवाल उठते रहे। चर्चाएं हैं कि सरकार अस्पताल को पीपीपी मोड पर नहीं चलाना चाहती है। पीपीपी मोड संचालकों का अनुबंध भी समाप्त हो चुका है। संचालक प्रतीक सिंह ने बताया कि अनुबंध के लिए आवेदन किया गया है। इससे पहले कर्मचारियों व डॉक्टरों को नोटिस देकर अनुबंध समाप्त होने की बात कही गई है। बताया कि अनुबंध मिलने पर दोबारा से अस्पताल को चलाया जाएगा। फिलहाल अस्पताल पीपीपी मोड पर ही चल रहा है। वहीं सोमवार को कर्मचारियों को नोटिस मिलने के बाद मंगलवार को अस्पताल में गहमागहमी का माहौल रहा। कर्मचारी एक दूसरे से बात करते दिखे। बताया कि उन्हें अस्पताल में नौकरी कोरोना काल से पहले मिली थी। कोरोना में जान जोखिम में डाल कर उन्होंने लोगों की सेवा की। लेकिन अब पहली बार उन्हें नोटिस दिया गया है। नोटिस देखकर उनके परिजन भी परेशान हैं।

**अस्पताल की सफाई व्यवस्था लड़खड़ाने लगी**

पीपीपी मोड से अनुबंध समाप्त हो चुका है। हालांकि कर्मचारी काम कर रहे हैं। बताया कि मंगलवार को सफाई व्यवस्था लड़खड़ाई रही।

### कोलकाता केस में ममता बनर्जी का बड़ा फैसला

नई दिल्ली। कोलकाता केस में डॉक्टरों के आंदोलन के बीच ममता सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। जूनियर डॉक्टरों की मांगों के आगे ममता बनर्जी सरकार झुक गई। सरकार ने कोलकाता पुलिस आयुक्त के पद से विनीत कुमार गोयल की छुट्टी कर दी है। उनकी जगह पर मनोज कुमार वर्मा को कोलकाता पुलिस का नया कमिश्नर बनाया गया है। वहीं, विनीत गोयल का तबादला कर उन्हें एसटीएफ का एडीजी बनाया गया है। बता दें कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला डॉक्टर से दुष्कर्म व हत्या मामले में न्याय की मांग को लेकर जूनियर डॉक्टर आंदोलन कर रहे हैं। सीएम ममता ने सोमवार को जूनियर डॉक्टरों के साथ बैठक के बाद कोलकाता पुलिस आयुक्त, उपायुक्त (उत्तर), स्वास्थ्य सेवा निदेशक एवं चिकित्सा शिक्षा निदेशक को हटाने की घोषणा की।

**कौन हैं मनोज वर्मा?**

कोलकाता पुलिस के नए कमिश्नर मनोज वर्मा 1998 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। इससे पहले वह एडीजी और आईजीपी (लॉ एंड ऑर्डर) के पद पर थे। अब ये जिम्मेदारी जावेद शमीम को दी गई है।

# मार्च 2025 तक शत प्रतिशत गांव में कचरा प्रबंधन का कार्य शुरू करना लक्ष्य : धामी

**● मुख्यमंत्री ने क्रॉस कंट्री मैराथन दौड़ को फ्लैग ऑफ कर किया रवाना ● राज्य में 5 लाख 37 हजार से अधिक शौचालय विहीन परिवारों के लिए शौचालयों का किया गया निर्माण**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को देहरादून के परेड मैदान में 'स्वच्छता ही सेवा-2024' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। उन्होंने क्रॉस कंट्री मैराथन दौड़ को फ्लैग ऑफ कर रवाना किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई एवं 'एक पेड़ माँ' के नाम अभियान के अंतर्गत परेड मैदान परिसर में पौध रोपण भी किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बालिकाओं को किशोरी किट का वितरण भी किया। साथ ही विभिन्न विकासखंडों के लिए स्वच्छता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर विश्वकर्मा पूजन किया और सभी को विश्वकर्मा दिवस की शुभकामनाएं प्रदान की।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके जन्मदिवस पर शुभकामनाएं देते हुए प्रभु से उनके दीर्घायु की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वच्छता के प्रति सजगता, निष्ठा और नेतृत्व हम सबको प्रेरित करता है। कहा कि आज उनके जन्मदिवस के सुअवसर पर हम स्वच्छता पखवाड़े की शुरुआत कर रहे हैं। यह स्वच्छता पखवाड़ा 2 अक्टूबर को संपन्न होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी जी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद स्वच्छ भारत का मिशन शुरू किया था जिसके कारण आज देश के हर व्यक्ति के अंदर स्वच्छता का भाव उत्पन्न हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के ऐतिहासिक और दूरदर्शी विजन ने भारत को स्वच्छता के नए आयामों पर पहुँचाया है। पिछले दस वर्षों में देशभर के अंदर करोडों शौचालय का निर्माण हुआ, कचरा प्रबंधन के लिए जरूरी सुविधाओं का विकास किया गया है और स्वच्छता को लेकर आम लोगों में जागरूकता आयी है। त्तराखंड को वर्ष 2017 में देश का चौथा ओडीएफ राज्य होने का गौरव प्राप्त हुआ।



अब तक राज्य में कुल 5 लाख 37 हजार से अधिक शौचालय विहीन परिवारों के लिए शौचालयों का निर्माण किया गया है। इसके अलावा 2600 से भी अधिक स्वच्छता कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया गया है। 9000 से अधिक गांव में ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन का कार्य पूरा किया गया है। 77 विकासखंडों में प्लास्टिक कचरा प्रबंधन की इकाइयां स्थापित कर ली गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि मार्च 2025 तक राज्य के शत प्रतिशत गांव में कचरा प्रबंधन का कार्य शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने समस्त प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि आइए हम सब मिलकर अपने आसपास साफ-सफाई की जिम्मेदारी लें और हम एक स्वस्थ व स्वच्छ उत्तराखंड बनाने की दिशा में आगे बढ़ें। इस अवसर पर शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, सौरभ बहुगुणा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मधु चौहान, विधायक खजान दास, श्रीमती सविता कपूर, उमेश शर्मा काऊ भरत चौधरी, निवर्तमान मेयर सुनील उनियाल गामा, सचिव शैलेश बगोली, देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल, नगर आयुक्त गौरव कुमार आदि उपस्थित रहे।

# जल्द ही संसद में पारित होगा वक्फ संशोधन विधेयक

## अमित शाह बोले– अब कोई नहीं कर पाएगा वक्फ की संपत्तियों का गलत इस्तेमाल

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 जो वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन, संरक्षण और दुरुपयोग को संबोधित करता है आने वाले दिनों में संसद में पारित किया जाएगा। पीएम मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, 'वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन, संरक्षण और दुरुपयोग के लिए प्रतिबद्ध है। आने वाले दिनों में इसे संसद में पारित किया जाएगा।' इससे पहले, लोकसभा सचिवालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर संयुक्त



संसदीय समिति की बैठक 18, 19 और 20 सितंबर को नई दिल्ली में राजधानी शहर के संसदीय सौध में होगी।

**हितधारकों के विचारों या सुझावों पर होगा फैसला**

18 सितंबर को बैठक के दौरान अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के प्रतिनिधि वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर समिति के समक्ष मौखिक साक्ष्य दर्ज करेंगे। 19 सितंबर को, बिल पर समिति कुछ विशेषज्ञों और हितधारकों के विचारों या सुझावों को सुनेगी, जैसे प्रोफेसर फैजान मुस्तफा, कुलपति, चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, पटना, पसमांदा मुस्लिम महाज़ और ऑल इंडियन मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड।

**दिल्ली के सुझावों पर सुनवाई करेगी**

20 सितंबर को संयुक्त संसदीय समिति वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर ऑल इंडिया सज्जादानशीन काउंसिल, अजमेर, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच, दिल्ली और भारत फर्स्ट, दिल्ली के सुझावों पर सुनवाई करेगी। इस सप्ताह की शुरुआत में मुस्लिम सामाजिक कार्यकर्ताओं और इस्लामिक विद्वानों के एक समूह ने दिल्ली में एक बैठक के दौरान सरकार के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया और इस बात पर जोर दिया कि सरकार की मंशा पर संदेह करना उचित नहीं है।

### केंद्रीय मंत्री के बिगड़े बोल, राहुल गांधी के मानसिक स्तर पर टिप्पणी

नई दिल्ली।बिट्टू ने आपत्तिजनक लहजे में राहुल को संबोधित करते हुए कई बार 'पप्पू' शब्द का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने के बावजूद पप्पू पप्पू ही रहा। खरगे को अपने पप्पू को नसीहत देनी चाहिए। बता दें कि बिट्टू राहुल के मानसिक स्तर और बयानों पर पहले भी सवाल खड़े कर चुके हैं।

**अमेरिका दौरे पर राहुल का बयान, बिट्टू के बिगड़े बोल**

इससे पहले बिट्टू ने राहुल के अमेरिका दौरे पर दिए गए बयानों को लेकर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि राहुल ने सिख धर्म से जुड़ी आपत्तिजनक बातें कही हैं। इसके अलावा बिहार के भागलपुर में रवनीत बिट्टू ने कहा था कि राहुल अपना ज्यादातर समय देश से बाहर बिताते हैं और उनके दोस्त और परिवार वहीं हैं। बिट्टू ने कहा, 'मुझे लगता है कि वह अपने देश से ज्यादा प्यार नहीं करते, क्योंकि वह विदेश जाते हैं और भारत के बारे में नकारात्मक बातें कहते हैं।

# लेबनान पेजर धमाके में अब तक आठ की मौत


**● ईरानी राजदूत और 2700 से अधिक हिजबुल्ला के सदस्य घायल**

लेबनान । हिजबुल्ला के सदस्यों के हजारों पेजर में विस्फोट हुआ है। इस धमाके में आठ लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि ईरानी राजदूत और 2700 से अधिक हिजबुल्ला के सदस्य घायल हुए हैं। लेबनान की राजधानी में हिजबुल्ला के सदस्यों के हजारों पेजर में विस्फोट हुआ है।

इस धमाके में अब तक आठ लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 2700 से ज्यादा हिजबुल्ला के सदस्य इस धमाके में घायल हुए हैं। वहीं हिज्बुल्ला ने पेजर विस्फोट के लिए इस्राइल को दोषी ठहराया है। हिजबुल्ला के मुताबिक ये अपने आप में पहली और सबसे बड़ी सुरक्षा चूक है।

**लेबनान में ईरान के राजदूत भी घायल**

ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी के मुताबिक, इस घटना में लेबनान में ईरान के राजदूत मोजतबा अमानी भी घायल



हुए हैं। वहीं हिज्बुल्ला के एक सदस्य ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि यह सबसे बड़ा सुरक्षा उल्लंघन है।

**हिजबुल्ला के गढ़ में पेजर के लेटेस्ट मॉडल में हुए विस्फोट**

वहीं सुरक्षा सूत्रों के मुताबिक, जिन पेजरों में विस्फोट हुआ है, वे लेटेस्ट मॉडल थे, उन्हें हिज्बुल्ला की ओर से लाया गया था। इन धमाकों के बाद बेरूत के दक्षिणी इलाकों में मौजूद तमाम अस्पतालों में अफरा–तफरी का माहौल देखा गया। एक सूत्र के अनुसार बेरूत के दक्षिण लेबनान और पूर्वी बेका घाटी में हिजबुल्ला के गढ़ में सैकड़ों हिजबुल्ला सदस्य अपने पेजर में विस्फोट के कारण घायल हुए हैं।

**हसन नसरुल्ला ने स्मार्टफोन न इस्तेमाल करने की थी अपील**

बता दें कि कुछ महीने पहले ही हिजबुल्ला के नेता हसन नसरुल्ला ने अपने लड़ाकों से स्मार्टफोन इस्तेमाल न करने की अपील की थी, क्योंकि इस्राइल के पास स्मार्टफोन को हैक या उसमें से जानकारी निकालने की तकनीक है। इस वजह से ही हिजबुल्ला ने अपने संचार माध्यम को बेहतर बनाने के लिए स्मार्टफोन की जगह पेजर का सहारा लिया था।

# 21 से 23 सितंबर तक अमेरिका के दौरे पर रहेंगे पीएम मोदी

नई दिल्ली। चौथेविदेश मंत्रालय (एमईए) ने मंगलवार को जानकारी दी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 से 23 सितंबर तक अमेरिका के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी क्वाड नेताओं के चौथे शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, जो 21 सितंबर को डेलावेयर के विलमिंगटन में आयोजित होगा। यह सम्मेलन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की मेजबानी में होगा। सूत्रों ने बताया कि पीएम मोदी 21 सितंबर को अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन के गृह नगर डेलावेयर में क्वाड शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। क्वाड शिखर सम्मेलन के बाद पीएम मोदी 22 सितंबर को न्यूयॉर्क जाएंगे और भारतीय प्रवासियों को संबोधित करेंगे। क्वाड शिखर सम्मेलन में जियो–पॉलिटिक्स



और सुरक्षा चिंताओं के अलावा, टेक्नोलॉजी, इंफ्रास्ट्रक्चर और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। शाम को क्वाड रिसेप्शन का आयोजन किया जाएगा। वहीं प्रधानमंत्री मोदी उसी रात को न्यूयॉर्क शहर के लिए रवाना हो जाएंगे।

### आतिशी के मुख्यमंत्री बनने से कांग्रेस के सामने चुनौतियां

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने आखिरकार दिल्ली में महिला कार्ड खेलते हुए आतिशी को मुख्यमंत्री घोषित कर दिया। अब दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इसी महिला कार्ड और जनता की अदालत वाले दांव के साथ आने वाले विधानसभा के चुनाव में जनता के बीच जाएंगे। रणनीतिकारों का मानना है कि आने वाले विधानसभा के चुनाव में राजनीतिक नजरिए से यह "कांबिनेशन" आम आदमी पार्टी को फायदा पहुंचा सकता है। राजनीतिक जानकार कहते हैं कि जिस आक्रमकता और इमोशनल दांव के साथ दिल्ली के विधानसभा चुनावों की पिच तैयार हुई है, उसमें कांग्रेस को आम आदमी पार्टी की ओर से हिस्सेदारी मिलेगी इसका अनुमान कम ही है। वैसे भी दिल्ली में कांग्रेस के नेता आम आदमी पार्टी को लेकर लगातार हमलावर है।

# निपाह वायरस से कोरोना जैसा हड़कंप, शादियों में मेहमानों की संख्या सीमित और दुकाने खोलने पर प्रतिबंध

## आइसोलेशन में 175 लोग

मलप्पुरम।केरल में हाल ही में निपाह वायरस से 24 वर्षीय युवक की मौत के बाद सरकार एक्शन में आ गई है। केरल सरकार ने मलप्पुरम में कई कंटेनमेंट जोन बनाए हैं और उनमें प्रतिबंध लगा दिए हैं। मलप्पुरम जिले की दो पंचायतों के पांच वार्डों को कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया है और बड़ी संख्या में लोगों के एकत्र न होने के निर्देश दिए गए हैं।

**शाम 7 बजे तक बंद होगी दुकानें**

निपाह को तेजी से बढ़ता देख जिला अधिकारियों ने कंटेनमेंट जोन में दुकानें शाम 7 बजे तक बंद करने को कहा है। कंटेनमेंट जोन में सिनेमा हॉल, स्कूल,



कॉलेज, मदरसे, आंगनवाड़ी और ट्यूशन सेंटर बंद रहेंगे।

**शादियों में भाग लेने वालों की संख्या होगी कम**

इस बीच, मलप्पुरम जिले में आंशिक प्रतिबंध लगाए गए हैं। अधिकारियों ने लोगों से सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनने को कहा है। जिले में शादियों, अंतिम संस्कारों और अन्य कार्यक्रमों में भाग लेने वालों की संख्या कम करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं।

**आइसोलेशन में 175 लोग**

राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने पुष्टि की है कि 9 सितंबर को मरने वाला 24 वर्षीय व्यक्ति निपाह वायरस से संक्रमित था। जॉर्ज ने सोमवार को कहा कि मृतक मरीज की संपर्क सूची में फिलहाल 175 लोग हैं, जिनमें से 74 स्वास्थ्यकर्मी हैं। सभी को आइसोलेशन में रखा गया है।

**कई जगह बुखार का सर्वेक्षण शुरू**

स्वास्थ्य विभाग ने 66 टीमें बनाई हैं और मृतक के घर के तीन किलोमीटर के दायरे में बुखार का सर्वेक्षण शुरू कर दिया गया है। निपाह संक्रमण के इलाज के लिए मलप्पुरम के एक लड़के की 21 जुलाई को मौत हो गई। यह इस साल राज्य में निपाह संक्रमण का पहला पुष्ट मामला था। कोझीकोड जिले में 2018, 2021 और 2023 में तथा एर्नाकुलम जिले में 2019 में निपाह का प्रकोप देखा गया है। कोझीकोड, वायनाड, इडुक्की, मलप्पुरम और एर्नाकुलम जिलों में चमगादड़ों में निपाह वायरस एंटीबॉडी की मौजूदगी पाई गई है।

## सम्पादकीय

# दिल्ली में अब "आतिशी" पारी

चलिए अब दिल्ली का राजनीतिक माहौल गर्मा गया है। प्रशासनिक बंदिशें के बीच आखिर केजरीवाल ने जो कहा वह कर दिखाया और मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। हालांकि उन्होंने अपनी पसंद की विधायक एवं मंत्री आतिशी को दिल्ली की बागडोर सौंपी है जिन्हें 57 विधायकों के समर्थन के साथ विधानमंडल का नेता चुन लिया गया है। दिल्ली में प्रशासनिक कार्य शुरू किया जा सकेंगे क्योंकि अरविंद केजरीवाल के जेल जाने के बाद से ही प्रशासनिक कार्यों में काफी परेशानियां देखने को मिल रही थी। जमानत मिलने के बावजूद अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री से संबंधित कार्य, अधिकारियों के साथ बैठक तथा महत्वपूर्ण फैसले लेने की अनुमति नहीं दी गई। यानी कि मुख्यमंत्री रहते हुए भी वह अधिकारहीन थे और केवल घर में ही रहना उनकी मजबूरी बन गई थी। इन परिस्थितियों में आखिर वह कब तक दिल्ली सरकार को अधर में छोड़ते, लिहाजा उन्होंने सभी अटकलें को दूर करते हुए आतिशी को दिल्ली का मुख्यमंत्री चुन लिया।

अरविंद केजरीवाल दिल्ली आबकारी नीति मामले में जमानत मिलने के बाद 13 सितंबर को तिहाड़ जेल से बाहर आए थे। उन्हें ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्हें लोकसभा चुनाव के समय सुप्रीम कोर्ट ने 21 दिनों की जमानत दी थी। अरविंद केजरीवाल एवं संजय सिंह के जेल जाने के बाद दिल्ली सरकार तथा संगठन की कमान आतिशी ही संभाले हुए थी। मीडिया और जनता के बीच वही प्रश्नों के जवाब दे रही थी लिहाजा उनका पार्टी में मुख्यमंत्री चुने जाने के दौरान सबसे मजबूत और महत्वपूर्ण मापा गया। मुख्यमंत्री चुने जाने के बावजूद कहीं ना कहीं अतिथि स्वतंत्र निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र नहीं होगी। विपक्ष की प्रतिक्रिया तो अभी से आने लगी है कि आतिशी केवल एक "डमी मुख्यमंत्री" है जिसकी कमान अरविंद केजरीवाल के हाथों में ही रहेगी। जो कार्य केजरीवाल कानूनी बंदीशो के कारण नहीं कर पा रहे थे वह अब आतिशी के माध्यम से पूरे किए जाएंगे। यह सब केजरीवाल के लिए कोई अधिक जटिल कार्य भी नहीं है क्योंकि आतिशी केजरीवाल के शब्दों से परे जाने वाली नहीं है। मुख्यमंत्री चुने जाने के बाद वह वैसे भी ऐलान कर चुकी है कि कोई उन्हें सीएम बनने की बधाई ना दें बल्कि उन्हें दुख है कि अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दिया। साफ है कि दिल्ली की राजनीति में सिवाय मुख्यमंत्री के नाम के अधिक कुछ बदलने वाला नहीं है लेकिन अरविंद केजरीवाल के आगे चुनौती केवल यही होगी कि आने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल आम आदमी पार्टी की हैट्रिक को बना पाएंगे या फिर विपक्ष उन्हें इस बार घोटालों को लेकर सत्ता से बाहर करने में कामयाब होगा। निश्चित तौर पर दिल्ली की लड़ाई बहुत रोचक साबित होने वाली है।

# 56 इंच की छाती खत्म

**राहुल गांधी का अमेरिका दौरा बहुत सफल रहा। इसका सबसे बड़ा पैमाना यह कि भारत में पिछले तीन दिन मोदी सरकार के मंत्री, पार्टी भाजपा, गोदी मीडिया अंध भक्तों को साथ मायावती को भी राहुल को ट्रोल करने के लिए कूदना पड़ा। झूठ गलतबयानी का गंदा नाला बहा दिया गया। मगर क्या हुआ?वे अमेरिका में तो छा गए। नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद यह उनका यह पहला विदेश दौरा था। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के दोनों उम्मीदवारों डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस के साथ वहां की वर्तमान सरकार भी यह देखने के लिए उत्सुक थी कि भारत के नेता प्रतिपक्ष का वहां रह रहे भारतियों, अमेरिकी राजनीतिक सर्किल और पढी लिखी सोसायटी में कैसा स्वागत होता है। भारतीयों ने तो डलास एयरपोर्ट पर भारी संख्या में पहुंचकर इंडिया इंडिया के नारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। बाद में राहुल ने भारतीय प्रवासियों को एक बड़े कार्यक्रम में संबोधित किया। उनसे बतचीत की। दो विश्वविद्यालयों में वे गए। और वहां भारी तादाद में स्टूडेंट और टीचर उनको सुनने और उनसे बातचीत करने आए। अमेरिकी सांसद उनसे मिले। और सबसे बड़ी बात कि पिछले अमेरिकी दौरे की तरह इस बार फिर उन्होंने नेशनल प्रेस क्लब में प्रेस कान्फ्रेंस की।**

**शकील अख्तर**

अब मोदी अमेरिका जा रहे हैं। राहुल ने तो कह दिया 56 इंच की छाती खत्म हो गई। अगर देश में अपने भक्तों को विश्वास दिलाना है कि नहीं वह छाती है तो अमेरिका में एक प्रेस कान्फ्रेंस कर लें। जैसे नेता प्रतिपक्ष वहां पत्रकारों के हर सवाल का जवाब दिया वैसे नेता पक्ष भी दे लें। दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा कि मोदी प्रेस से नहीं डरते! देखो अमेरिका में जवाब दे रहे हैं।

राहुल गांधी का अमेरिका दौरा बहुत सफल रहा। इसका सबसे बड़ा पैमाना यह कि भारत में पिछले तीन दिन मोदी सरकार के मंत्री, पार्टी भाजपा, गोदी मीडिया अंध भक्तों को साथ मायावती को भी राहुल को ट्रोल करने के लिए कूदना पड़ा। झूठ गलतबयानी का गंदा नाला बहा दिया गया। मगर क्या हुआ?वे अमेरिका में तो छा गए। नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद यह उनका यह पहला विदेश दौरा था। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के दोनों उम्मीदवारों डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस के साथ वहां की वर्तमान सरकार भी यह देखने के लिए उत्सुक थी कि भारत के नेता प्रतिपक्ष का वहां रह रहे भारतियों, अमेरिकी राजनीतिक सर्किल और पढी लिखी सोसायटी में कैसा स्वागत होता है।

भारतीयों ने तो डलास एयरपोर्ट पर भारी संख्या में पहुंचकर इंडिया इंडिया के नारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। बाद में राहुल ने भारतीय प्रवासियों को एक बड़े कार्यक्रम में संबोधित किया। उनसे बतचीत की। दो विश्वविद्यालयों में वे गए। और वहां भारी तादाद में स्टूडेंट और टीचर उनको सुनने और उनसे बातचीत करने आए। अमेरिकी सांसद उनसे मिले। और सबसे बड़ी बात कि पिछले अमेरिकी दौरे की तरह इस बार फिर उन्होंने नेशनल प्रेस क्लब में प्रेस कान्फ्रेंस की।

सिर्फ अमेरिकी नहीं वहां दुनिया भर का पत्रकार होता है और वह देख रहा था कि भारत का प्रतिपक्ष का नेता तो हमसे मिल रहा है जैसे दुनिया के बाकी बड़े नेता भी मिलते हैं। मगर भारत के प्रधानमंत्री तीन बार जीतने के बाद भी एक बार भी हमसे नहीं मिले। यह एक रिकार्ड है कि किसी देश का शासनाध्यक्ष वहां एक बार भी प्रेस से नहीं मिला हो। अन्तरराष्ट्रीय पत्रकार और राजनयिक जानना चाहते हैं कि किसी भी देश का सरकार प्रमुख और नेता प्रतिपक्ष जिसे वहां शेडो प्राइम मिनिस्टर भी कहते हैं दुनिया के अहम मुद्दों के बारे में क्या विचार रखता है। और भारत के इन दोनों संवैधानिक पदों वालों प्रधानमंत्री और नेता प्रतिपक्ष से तो अमेरिका और पश्चिमी देश हमेशा यह जानना चाहते हैं कि वे चीन के बारे में क्या रुख रखते हैं।

अमेरिकी और पश्चिमी देशों ( नाटो) की समस्या अब रूस नहीं उसे तो उन्होंने यूक्रेन के साथ उलझा दिया है। चीन है। चीन किसी युद्ध में उलझे बिना अपनी विस्तारवादी योजनाओं को कामयाब करता जा रहा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चीन की दी क्लीन चिट चीन के लिए बहुत बड़ा सर्टिफिकेट है। उसे ही दिखाकर वह अमेरिका और पश्चिमी देशों से कहता है कि हमारे पड़ोसी देश भारत के प्रधानमंत्री ने तो साफ कहा है कि यहां न कोई घुसा है और न कोई है। आप लोग क्या सेटेलाइट से गलत गलत तस्वीरें दिखाते रहते हैं कि चीन ने भारत के इतने इलाकों में कब्जा कर लिया।



गांव बसा लिए सडकें बना लीं। भारत की सरकार तो कुछ कहती नहीं हैं। आप लोग कहते रहते हैं। और एक वहां का कांग्रेस के नेता राहुल गांधी। मुद्दई सुस्त गवाह चुस्त! चीन कहता है नहीं चलेगा !अब सवाल तो यह है कि देश में यह सब प्रधानमंत्री मोदी से किए जाने चाहिए। मगर भाजपा मीडिया राहुल गांधी से पूछते हैं कि वहां टी शर्ट क्यों नहीं पहनी? हालांकि वे यहां से टी शर्ट पहन कर ही रवाना हुए थे और वहां टी शर्ट पहन कर ही उतरे थे। मगर और कोई सवाल लायक दिमाग उनका बचा नहीं है सब नफरत और विभाजन में फ्रीज हो गया तो उनके कपड़े, एक एक शब्द, पूरा वाक्य भी नहीं और जो नहीं कहा उस पर और जो कहा है उसका भ्रामक अर्थ बताकर वे देश की जनता में फिर राहुल विरोधी माहौल बनाना चाहते हैं।मगर जैसा कि खुद राहुल ने कहा कि वह सब अब अतीत की बातें हो गईं। अमेरिका से राहुल का सबसे बड़ा मैसेज यही है। है तो भारत के लिए मगर दुनिया भी सुनेगी। हालांकि दुनिया के लिए मोदी का करिश्मा कभी था ही नहीं। वे महान भारत के प्रधानमंत्री हैं तो जो इस देश के प्रधानमंत्री होने के नाते सम्मान मिलना चाहिए था वह उन्हें मिलता है। देवगौड़ा को भी मिला, चौधरी चरण सिंह को भी, चन्द्रशेखर को भी। लेकिन भारत के प्रधानमंत्री के नाते और फिर अपनी शख्सियत, शिक्षा, लेखकीय प्रतिभा और आजादी के आन्दोलन का नेतृत्व करने के कारण नेहरू ने कमाया उसका तो शतांश भी इन्हें नहीं मिल सकता। ढोल चाहे जितना पीटें की तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद नेहरू के बराबर हो गए मगर जैसे कोई ब्रेडमेन के बराबर टेस्ट खेलकर या उनसे ज्यादा खेलकर उनके बराबर नहीं हो सकता। या पेले के मुकाबले ओलंपिक में जाकर पेले के बराबर भी नहीं हो सकता वैसे ही नेहरू के कद को पाने का सवाल ही नहीं पैदा होता।

तो विदेशों में कुछ नहीं था। केवल भारत था और भारत रहेगा। मगर राहुल का यह कहना कि 56 इंच की छाती और मेरी ईश्वर से डायरेक्ट बात होती है अब सब अतीत की चीज हो गई। भारत में प्रधानमंत्री मोदी को और उनसे डर रहे मीडिया को और मोदी के बने अक्ल से अंधे भक्तों को यही बात सबसे नागवार लग रही है। भाजपा और आरएसएस में तो हो सकता है इस बात को लेकर थोड़ी खुशी हो कि मोदी की व्यक्तिगत राजनीति और महिमामंडन पर राहुल ने सही चोट की है मगर वे फिलहाल बोल नहीं सकते। डर उनमें भी है तो खुद उपत कर ( अपने आप, मनॉ से) मोदी का बचाव नहीं कर रहे हैं। मगर मीडिया और भक्त राहुल के पीछे लगे पड़े हैं।

राहुल ने कहा कि 240 आने के बाद इनका डर खत्म हो गया है। और यह भी बताया कि 240 भी कैसे आईं। चुनाव आयोग, मीडिया, सारे वित्तिय साधन और हर संवैधानिक इन्स्टिट्यूशन कब्जे में कर लिए थे। वह तो मैं संविधान हाथ में लेकर निकला तो देश के दलित, पिछड़े, आदिवासी, गरीब कमजोर वर्ग की समझ में आया कि वह संविधान जिसकी वजह से ही हमें यह वोट देने का अधिकार मिला हुआ है वही हाथ से निकला जा रहा है। वोट देने के अधिकार को तो बचाना होगा। और इसी अधिकार को बचाने के लिए लोगों ने अपने डर पर जीत हासिल कर ली।

राहुल का यह डरो मत का नारा सफल हुआ। इसी से बौखला कर वे अब राहुल को आरक्षण पर घेरने लगे। डर मूलतः दलित, आदिवासी, पिछड़े, गरीब कमजोर का ही खत्म हुआ। और इसी वर्ग को फिर बरगलाने के लिए वे यह गलत प्रचार करने लगे कि राहुल आरक्षण खत्म करना चाहते हैं।

राहुल ने इस झूठे प्रचार के अगले दिन प्रेस कान्फ्रेंस में कहा ताकि किसी को कुछ पूछना हो तो पूछ ले, स्थिति स्पष्ट हो जाए कि उन्होंने आरक्षण खत्म करने की बात कहीं नहीं कही। बल्कि यह कहना था कि इतना समर्थ हो जाना चाहिए। राहुल ने कहा कि वे तो 50 प्रतिशत से उपर आरक्षण की मांग कर रहे हैं।

ये ठीक वैसा ही है कि बुत हमसे कहें काफिर! राहुल हाथ में संविधान लिए घूमे ही इस वास्ते थे कि उसमें दिए आरक्षण की रक्षा हो सके। जाति गणना की बात और कौन कर रहा है? राहुल की दलित आदिवासी पिछड़े में बढ़ती स्वीकार्यता ने ही प्रधानमंत्री मोदी को परेशान कर दिया।

अब मोदी अमेरिका जा रहे हैं। राहुल ने तो कह दिया 56 इंच की छाती खत्म हो गई। अगर देश में अपने भक्तों को विश्वास दिलाना है कि नहीं वह छाती है तो अमेरिका में एक प्रेस कान्फ्रेंस कर लें। जैसे नेता प्रतिपक्ष वहां पत्रकारों के हर सवाल का जवाब दिया वैसे नेता पक्ष भी दे लें। दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा कि मोदी प्रेस से नहीं डरते! देखो अमेरिका में जवाब दे रहे हैं।

# भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का विस्तृत क्षितिज

**श्रीमती अनीता प्रवीण**

भारत दुनिया की सबसे बड़ी एवं सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और इसका खाद्य प्रसंस्करण उद्योग आर्थिक विकास को गति देने एवं खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में एक बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत सरकार ने विभिन्न व्यावहारिक पहलों के साथ–साथ सुधारों के एक नए युग की शुरुआत की है, जिसने भारत को तेजी से विकास के पथ पर ला खड़ा किया है। राष्ट्र न केवल अभूतपूर्व प्रगति एवं विकास का साक्षी बना है, बल्कि एक जीवंत एवं विविधतापूर्ण अर्थव्यवस्था द्वारा संचालित एक वैश्विक शक्ति के रूप में भी उभरा है।भारत सरकार की प्रगतिशील नीतिगत पहलों एवं उपायों के कारण, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र ने हाल के वर्षों में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है और मैन्यूफैक्चरिंग के सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) में 7.66 प्रतिशत और वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान कृषि के जीवीए में 8.45 प्रतिशत का योगदान दिया है।समृद्ध एवं विविधतापूर्ण कृषिगत संसाधनों से लैस भारत वैश्विक स्तर पर खाद्य उत्पादन के मामले में एक महत्वपूर्ण शक्ति है। दूध, पोषक अनाज, खाद्यान्न, फल, सब्जियां, चाय और मछली जैसी कई खाद्य पदार्थों का सबसे बड़ा उत्पादक होने के नाते, इसने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है। वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान भारत का कृषि–खाद्य निर्यात बढ़कर 46.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो इस क्षेत्र की तीव्र प्रगति और इसके बढ़ते वैश्विक प्रभाव को दर्शाता है। कुल कृषि–खाद्य निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 2014–15 में 4.90 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2023–24 में 10.88 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई। नवाचार, निवेश और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के सही मिश्रण के साथ, यह क्षेत्र अपनी क्षमता का संपूर्ण दोहन करने और देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार है।भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में अपार एवं विविधतापूर्ण अवसर उपलब्ध हैं और इसका प्रत्येक उप–क्षेत्र विकास की अनूठी संभावनाएं प्रदान करता है। प्रौद्योगिकी के आगमन ने इस उद्योग में क्रांति ला दी है, जिससे खाद्य सुरक्षा, पैकेजिंग, लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखला के प्रबंधन में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। ई–कॉमर्स में आए उछाल और उपभोग के लिए तैयार (रेडी–टू–ईट) व सुविधाजनक खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग ने इस क्षेत्र के विकास के नए रास्ते खोल दिए हैं, जिससे यह निवेशकों और उद्यमियों के लिए एक आकर्षक विकल्प बन गया है।खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के समग्र विकास को सहायता प्रदान करने हेतु, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) ने ऐसी कई योजनाएं और पहल लागू की हैं जो बदलाव लाने और एक मजबूत इकोसिस्टम को बढ़ावा देने में अहम रही हैं। यह इकोसिस्टम सूक्ष्म, लघु, मध्यम एवं बड़े उद्यमों में नवाचार, निवेश और समावेशिता को प्रोत्साहित करता है। प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना (पीएमकेएसवाई) नाम की प्रमुख योजना ने खेतों से रिटेल आउटलेट तक कुशल आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के साथ आधुनिक बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन प्रयासों से न केवल फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम किया जा सका है, बल्कि निर्यात क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

# दशकीय जनगणना क्यों नहीं

आम तजुर्बा है कि मौजूदा सरकार को आंकड़ों की पारदर्शिता पसंद नहीं है। वरना, यह समझना मुश्किल है कि भारत में अब तक दशकीय जनगणना क्यों नहीं हुई, जबकि कोविड–19 महामारी का साया हटे लंबा अरसा गुजर चुका है। केंद्र ने जब कुछ महीने पहले सांख्यिकी स्थायी समिति बनाई, तो उसमें शामिल 14 विशेषज्ञों में से कुछ नामों को देख कर आश्चर्य हुआ था। खास कर यह देख कर हैरत हुई कि समिति की अध्यक्षता प्रणब सेन को सौंपी गई है, जिनकी छवि आंकड़ों के प्रति ईमानदारी बरतने की रही है। बताया गया कि समिति राष्ट्रीय सैंपल सर्वे तथा अन्य सरकारी सर्वेक्षणों की सैंपलिंग एवं आंकड़ा विश्लेषण को लेकर सुझाव देगी। यह जग–जाहिर है कि नरेंद्र मोदी सरकार के दौर में तमाम सरकारी आंकड़ों की साख क्षीण होती चली गई है। अब खबर है कि सरकार ने गुपचुप प्रणब सेन समिति को भंग कर दिया है। समिति के सदस्यों का तो कहना है कि समिति क्यों भंग हुई, उन्हें इसका कारण तक नहीं बताया गया है।

अधिकारियों को मीडिया से जरूर कहा है कि अब राष्ट्रीय सैंपल सर्वेक्षणों के बारे में स्थायी संसदीय समिति बन गई है, इसलिए दोनों समितियों का दायरा टकरा रहा था। जबकि सूत्रों के आधार पर छपी अखबारी रिपोर्टों में बताया गया है कि एक बैठक के दौरान सेन समिति के सदस्यों ने जनगणना में हो रही देर पर अधिकारियों से सख्त सवाल पूछे।मुमकिन है कि सरकार इससे खफा हो गई हो। आम तजुर्बा है कि मौजूदा सरकार को सवाल और आंकड़ों की पारदर्शिता पसंद नहीं है। वरना, यह समझना किसी के लिए मुश्किल है कि भारत में अब तक दशकीय जनगणना क्यों नहीं हुई? 2021 में इसे कोविड–19 महामारी के कारण टाला गया था, हालांकि उसी वर्ष तमाम चुनाव कराए गए। बहरहाल, महामारी का साया हटे लंबा अरसा गुजर चुका है। दुनिया में कोई ऐसा प्रमुख देश नहीं है, जहां अब तक जनगणना ना हुई हो। इसलिए यह कहने का आधार बनता है कि मोदी सरकार ठोस एवं विश्वसनीय आंकड़ों के स्रोत जनगणना को जानबूझ कर टाल रही है। आंकड़े समय की सच्चाई को बताते हैं। आंकड़े ना हो, तो मनमानी कहानियां बनाई जा सकती हैं। जिस सरकार की प्राथमिकता मनपसंद आंकड़े तैयार कर विमर्श को भ्रमित करना और उसके जरिए मनगढ़ंत नैरेटिव्स को विश्वसनीय बनाना रहा हो, विशेषज्ञों से उसका गुरेज समझा जा सकता है।

# डी–बॉक्स टेक्नोलॉजी में रिलीज होने वाली पहली भारतीय फिल्म बनी जूनियर एनटीआर की देवरा पार्ट 1

जूनियर एनटीआर और जाह्नवी कपूर की आगामी फिल्म देवरा पार्ट 1 सिनेमाघरों में धमाल मचाने के लिए तैयार है. कुछ दिन पहले ही मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज लॉन्च किया है. इसे फैंस और दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है. वहीं, मेकर्स फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर बनाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं. हाल ही में मेकर्स ने फिल्म से जुड़ी एक अपडेट साझा की है, जिसमें उन्होंने बताया है कि वे देवरा को डी–बॉक्स पर रिलीज करने वाले हैं.देवरा मेकर्स ने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म के पोस्टर के साथ एक अपडेट साझा किया है. मेकर्स ने बताया है कि देवरा पार्ट 1 पहली ऐसी भारतीय



फिल्म बन गई है जिसे खास तौर पर डी–बॉक्स टेक्नेलॉजी में रिलीज किया जाएगा. मेकर्स ने पोस्टर में थिएटर्स की लिस्ट की भी झलक दिखाई है.मेकर्स ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय फिल्म. देखते रहिए... यह मैन जूनियर एनटीआर और भी बहुत कुछ करता रहता है. इससे पहले, कुछ फिल्में डी–बॉक्स पर रिलीज की गई थीं, लेकिन यह पूरी तरह से एक्सक्लूसिव नहीं थी. लेकिन, देवरा के मामले में, इस लेटेस्ट टेक्नेलॉजी में कंटेंट को मास्टरपीस के तौर पर तैयार किया गया है.डी–बॉक्स एक हैप्टिक तकनीक है जो मूवी देखने, गेम खेलने के अनुभव को बढ़ाती है. डी–बॉक्स सीटों में मोशन एक्ट्यूएटर होते हैं जो स्क्रीन पर होने वाली हरकतों के साथ तालमेल बिठाते हैं, ताकि आप फिल्म के एक मोमेंट और सीन्स को महसूस कर सकें. डी–बॉक्स कई मूवी थिएटरों में उपलब्ध है, जिसमें सिनेप्लेक्स और सिनेमार्क शामिल हैं.

## चैंपियन टीम पर बरसेगा छप्पर फाड़ पैसा

नई दिल्ली। आईसीसी ने महिला टी20 विश्व कप 2024 की प्राइजी मनी का एलान कर दिया है। आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 का आगाज 3 अक्टूबर से यूएई में होना है।

पहले ये अहम टूर्नामेंट बांग्लादेश की मेजबानी में आयोजित होने वाला था, लेकिन वहां पर राजनीतिक अस्थिरता आने के बाद से हुए विरोध प्रदर्शन के चलते सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस टूर्नामेंट को यूएई में कराने का फैसला लिया है।

आईसीसी के मुकाबले अब शारजाह और दुबई के मैदान पर खेले जाएंगे। इस बीच आईसीसी ने एक ऐतिहासिक फैसला लिया।

# पाकिस्तानी प्लेयर ने सूर्यकुमार यादव को किया कॉपी, बुरी तरह हुआ फेल

नई दिल्ली। पाकिस्तान में इन दिनों खेले जा रहे चैंपियंस वन डे कप के दौरान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें देखा जा सकता है कि पाकिस्तान के सईम अयूब भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव के यादगार कैच को कॉपी करने की कोशिश करते हैं। हालांकि, वह अपने प्रयास में सफल नहीं हो पाते हैं। वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर पाकिस्तान की थू –थू हो रही है।



**विकेट के साथ रन का नुकसान हुआ**

पैंथर्स और डॉल्फिन्स के बीच मुकाबले में सईम अयूब ने बाउंड्री पर शानदार कैच लपकने का प्रयास किया।

हालांकि, वह इसमें सफल नहीं हो सके और गेंद बाउंड्री के बाहर चली गई। दूसरी पारी के 18वें ओवर में मुहम्मद अखलाक ने उसामा मीर को लॉन्ग ऑफ की ओर मारा। बाउंड्री पर तैनात अयूब ने गेंद को आराम से पकड़ लिया।इस दौरान उनका संतुलन बिगड़ा तो उन्होंने गेंद हवा में उछाल दी, लेकिन यह गेंद बाउंड्री के पार चली गई।टीम का एक विकेट के साथ ही 6 रन का नुकसान भी हो गया।

**सूर्या के कैच ने पलट दिया था मैच**

टी20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल में सूर्यकुमार यादव ने शानदार कैच लपककर मैच को भारत की झोली में डाल दिया था। सूर्यकुमार यादव के इस कैच ने पूरा मैच ही पलटकर रख दिया था। सूर्यकुमार यादव ने खतरनाक नजर आ रहे डेविड मिलर का बाउंड्री पर कैच लपका था।

# आईफा से मिलने वाला प्यार और ऊर्जा बेजोड़ है : अनन्या पांडेय

फिल्म अभिनेत्री अनन्या पांडेय अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी (इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी (आइफा) पुरस्कार के 24वें संस्करण में शामिल होने को लेकर जोरदार तैयारियां कर रही हैं।आईफा अवाड्र्स में अपने प्रदर्शन को लेकर खुशी व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, इस साल आईफा अवाड्र्स में प्रदर्शन करने के लिए मैं पूरी तरह से उत्साहित हूं। आईफा जो ऊर्जा, उत्सव और भारतीय सिनेमा के प्रति प्यार लाता है, उसका कोई मुकाबला नहीं है। मैं वैश्विक दर्शकों के लिए कुछ खास और रोमांच लाने के लिए तत्पर हूं।

उन्होंने आगे कहा, यह एक अद्वितीय मंच है जो हमारे भारतीय सिनेमा प्रेमियों को पूरे विश्व से जोड़ता है, और मैं एक बार फिर से यास आइलैंड, अबू धाबी में इस अविस्मरणीय रात का हिस्सा बनने के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकती।

बता दें कि आईफा समारोह 27 से 29 सितंबर तक यास आइलैंड, अबू धाबी में आयोजित किया जाएगा। यह महोत्सव आईफा पुरस्कारों के साथ शुरू होगा। इसे शाहरुख़ ख़ान, करण जौहर और विक्की कौशल द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।

आईफा अवाड्र्स में प्रदर्शन करने वाले कलाकारों में रेखा, शाहिद कपूर, विक्की कौशल, कृति सेनन और जाह्नवी कपूर शामिल हैं।

इस पुरस्कार समारोह में हिंदी सिनेमा की चमक, दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योग की गतिशीलता, ओटीटी प्लेटफॉर्म, वैश्विक सितारे, अंतरराष्ट्रीय गणमान्य व्यक्ति और सिनेमा प्रेमी शामिल होंगे।

गौरतलब है कि अनन्या ने 2019 में अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। उनकी पहली फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 थी। यह रोमांटिक कॉमेडी फिल्म पुनित मल्होत्रा द्वारा निर्देशित और नोकिया स्टूडियो और करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित थी, जो 2012 की फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर का सीक्वल थी।

इसके बाद उन्होंने पति पत्नी और वो में तपस्या की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन और भूमि पेडनेकर भी थे। फिर वे खाली पीली में पूजा, गहराइयां में तिया के रूप में भी अभिनय कर चुकी हैं।

## द बकिंघम मर्डर्स को मिला वीकेंड का फायदा, पर तुम्बाड को नहीं दे सकी मात

करीना कपूर स्टारर द बकिंघम मर्डर्स 13 सितंबर को थिएटर्स में रिलीज हो गई है. हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर दमदार ओपनिंग नहीं कर पाई. करीना कपूर की ये मर्डर मिस्ट्री फिल्म का पहले दिन का कलेक्शन बेहद कम रहा था. लेकिन दूसरे दिन द बकिंघम मर्डर्स को वीकेंड का फायदा मिला है और फिल्म की कमाई में इजाफा हुआ है.सैकनिल्क के मुताबिक द बकिंघम मर्डर्स ने पहले दिन 1.15 करोड़ रुपए की कमाई की थी. दूसरे दिन फिल्म का कलेक्शन बढ़ा और शनिवार को फिल्म ने 1.90 करोड़ रुपए का बिजनेस कर लिया. इस तरह दो दिन में द बकिंघम मर्डर्स ने कुल 3.05 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है. करीना कपूर की फिल्म द बकिंघम मर्डर्स की रफ्तार बॉक्स ऑफिस पर काफी स्लो है. 13 सितंबर को फिल्म का क्लैश सोहम शाह की हॉरर फिल्म तुम्बाड से हुआ है जो कि थिएटर्स में री–रिलीज हुई है.

# गौतम गंभीर और राहुल द्रविड़ की कोचिंग में क्या अंतर? रोहित शर्मा ने दिया सटीक जवाब

नई दिल्ली। 2 टेस्ट और 3 टी20 मैचों की सीरीज के लिए बांग्लादेश टीम भारत आई है। दोनों टीमों के बीच पहले 2 टेस्ट मैच और फिर 3 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले जाएंगे। टेस्ट सीरीज की शुरुआत 19 सितंबर से होगी।पहला टेस्ट चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा। दोनों ही टीमें चेपॉक में इसकी तैयारी कर रही हैं। टेस्ट सीरीज से पहले मंगलवार को भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कई खुलासे किए।

**कोचिंग में अंतर बताया**

भारतीय कप्तान ने राहुल द्रविड़ और गौतम गंभीर की कोचिंग में अंतर बताया। रोहित ने कहा, "राहुल द्रविड़, पारस और विक्रम राठौर एक अलग टीम थे। वहीं दूसरी ओर नया कोचिंग स्टाफ एक नया नजरिया लेकर आया है। कोचिंग स्टाफ नया है तो उनकी स्टाइल भी अलग है। हालांकि, कोई




समस्या नहीं है। मेरे और गौतम गंभीर के बीच अच्छी समझ है और यही होना जरूरी भी है।"

बता दें कि राहुल द्रविड़ का कार्यकाल समाप्त होने के बाद गौतम गंभीर भारतीय टीम के हेड कोच बने। उनका कार्यकाल जुलाई में श्रीलंका दौरे से शुरू हुआ था। गंभीर के कार्यकाल में भारतीय टीम पहली बार टेस्ट खेलने जा रही है।

**कानपुर में खेला जाएगा दूसरा टेस्ट**

भारत और बांग्लादेश के बीच 2 टेस्ट मैच खेले जाने हैं। पहले टेस्ट 19 सितंबर से शुरू होगा।

यह मुकाबला चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा।

सीरीज का दूसरा टेस्ट 27 सितंबर से 1 अक्टूबर के बीच कानपुर के ग्रीन पार्क में होगा।

भारतीय टीम लंबे समय बाद टेस्ट मैच खेलने उतर रही है। ऐसे में टीम का चेन्नई में कैंप लगा हुआ है।

सभी 16 प्लेयर चेपॉक में टेस्ट सीरीज की तैयारी कर रहे हैं।

बांग्लादेश ने अब तक भारत को एक भी टेस्ट में नहीं हराया है।

## एक नजर

### स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता अभियान शुरू

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता अभियान का मंगलवार को शुभारंभ किया गया। इस दौरान गढ़वाल विवि के अधिकारियों, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता बनाएं रखने की शपथ ली। इस दौरान अभियान के तहत होने वाले कार्यक्रमों को लेकर जानकारी दी गई। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत स्वामी मनमंथन प्रेक्षागृह के समीप पौध रोपण किया गया। विवि के डीएसडब्ल्यू प्रो. महावीर सिंह नेगी ने कहा कि विवि में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक चलने वाले अभियान में अपनी भूमिका निभाने की अपील की। इस मौके पर प्रो. दीपक कुमार, प्रो. विजयकांत पुरोहित, डा. ममता आर्य, डा. नरेश कुमार, महेश डोभाल सहित आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### भारत दर्शन के लिए रवाना हुए 63 मेधावी छात्र

श्रीनगर गढ़वाल : देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्र के 63 मेधावी छात्र मंगलवार को भारत दर्शन शैक्षिक भ्रमण के लिए रवाना हुए। कीर्तिनगर के डॉ. भीम राव अम्बेडकर पार्क में देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी और नगर पंचायत के निवर्तमान अध्यक्ष कैलाशी जाखी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर वैदिक मंत्रों के साथ भ्रमण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्कूली बच्चों की ओर से पिछले भारत दर्शन शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम में उत्कृष्ट डायरी मेंटेन करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

विधान सभा क्षेत्र देवप्रयाग के वर्ष 2024 की परिषदीय परीक्षा में 10वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 42 बालिका और 21 बालकों को शैक्षिक भ्रमण करवाया जा रहा है। जो 23 सितंबर तक उत्तर प्रदेश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों एवं औद्योगिक संस्थानों से परिचित होंगे। इस मौके पर उत्तराखंड बार काउंसिल के सदस्य अर्जुन भंडारी, खंड शिक्षा अधिकारी कीर्तिनगर दमयंती रावत, जिला मंत्री नरेंद्र कुंवर, प्रवेंद्र पंवार, विकास मेहरा, विजयराम गोदियाल, महेंद्र कठैत, राजेश सेमवाल, रणजीत सिंह जाखी, प्रियंका भट्ट, सतीश बलूनी, डा. बृजमोहन, नरेश नेगी आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### उपनल कर्मियों ने उठाई केस वापस लेने की मांग

नई टिहरी : उपनल के माध्यम से विभिन्न विभागों में अपनी सेवाएं दे रहे कर्मियों ने सरकार से सुप्रीम कोर्ट में डाली याचिका वापस लेने की मांग की। कहा कि पूर्व में हाईकोर्ट ने उपनल कर्मियों का नियमितीकरण करने के आदेश पारित किए थे। जिसके विरोध राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट चली गई। जिसके चलते कर्मियों का नियमितीकरण नहीं हो पा रहा है।

उपनल कर्मियों ने एक विज्ञप्ति में कहा कि वह वर्षों से अल्प मानदेय पर विभिन्न विभागों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। सैकड़ों कर्मी ऐसे हैं, जिनकी उम्र भी बढ़ती जा रही है। अब उम्र अधिक होने से प्रतियोगी परीक्षा में भी शामिल नहीं हो सकते हैं। जिसको देखते हुए उन्हें संबंधित विभागों में नियमितीकरण करना चाहिए।

उपनल कर्मी सुनील असवाल, प्रदीप डोभाल, अमित, मनमोहन, भुवनेश्वर आदि ने कहा कि सरकार लाखों रुपये वकीलों पर खर्च कर सुप्रीम कोर्ट में केस लड़ रही है। सरकार को सुप्रीम कोर्ट से केस वापस लेकर उन्हें नियमित करना चाहिए। (एजेंसी)

### पुलिस लाइन चंबा में विश्वकर्मा जयंती मनाई

नई टिहरी : भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर मंगलवार को एसएसपी आयुष अग्रवाल ने पुलिस लाइन चंबा में विश्वकर्मा के चित्र पर दीप जलाकर और माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर शस्त्रों का पूजन भी किया गया। एसएसपी अग्रवाल ने कहा कि जिस प्रकार भगवान विश्वकर्मा अपने कार्यक्षेत्र के शिरोमणि रहे, हैं उसी प्रकार प्रत्येक व्यक्ति को अपने कार्यक्षेत्र को अग्रणी व दक्ष बनना चाहिए। इस अवसर आरमोरर अरुण कुमार की निगरानी में शस्त्रों का प्रदर्शन किया गया व परिवहन शाखा के एसआई सुरेंद्र पटवाल की निगरानी में टूल किट का प्रदर्शन किया गया। एसएसपी ने शस्त्रों का सही रखरखाव और परिवहन यांत्रिकी से संबंधित उपकरणों को अपडेट रखने के लिए निर्देशित किया। दूसरी ओर अग्नि शमन अधिकारी द्वारा भी अपने कार्यालय में विश्वकर्मा पूजन का आयोजन किया गया। पुलिस लाइन में हुई पूजा में एएसपी जेआर जोशी भी मौजूद रहे।

# ढोल नगाड़ों के साथ निकली गणपति विसर्जन यात्रा, गणपति बप्पा मोरिया से गूंजा शहर

### गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में निकाली गई भगवान गणपति की विसर्जन यात्रा



कोटद्वार में गणेश विसर्जन यात्रा निकालते श्रद्धालु

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : दस दिवसीय गणेश महोत्सव के अंतिम दिन मंगलवार को गणेश चतुर्दशी पर विघ्नहर्ता भगवान गणेश की विसर्जन यात्रा ढोल नगाड़ों के साथ निकाली गई। ढोल-नगाड़ों की धुन में नाचते हुए सिद्धबली के समीप खोह नदी में पहुंचे लोगों ने गणपति जी को नम आखों से विसर्जित किया। गणेश महोत्सव के अंतिम दिन गणेश चतुर्दशी पर भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। अधिकांश श्रद्धालुओं ने शाम के समय ही विसर्जन यात्रा निकाली। यात्रा के दौरान श्रद्धालु खूब ढोल-नगाड़ों पर झूमते हुए नजर आए। काशीरामपुर तल्ला के वाशिंदों की ओर से गाड़ीघाट, मालगोदाम रोड, झंडाचौक, बदरीनाथ मार्ग होते हुए सिद्धबली तक विसर्जन यात्रा निकाली गई। इसी तरह श्री सिद्धिविनायक सेवा समिति, आमपड़ाव व पदमपुर के लोगों की ओर से भी धूमधाम के साथ विसर्जन यात्रा निकाली गई। पूरी यात्रा में युवा, महिलाएं व बच्चे भगवान गणेश के भजनों में झूम रहे थे। नदी पहुंचे श्रद्धालुओं ने नम आंखों से गणपति बप्पा की मूर्ति को खोह नदी में प्रवाहित किया। साथ ही अगले बरस जल्दी आने की भी प्रार्थना की।

# युवा संसद का गठन, सुदीप परमार बनें प्रधानमंत्री

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : जनता इंटर कॉलेज कमलपुर संगलाकोटी में युवा संसद का गठन किया गया। इस दौरान छात्र सुदीप परमार को प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी दी गई। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को लोकतंत्र के महत्व के बारे में भी बताया।

प्रधानाचार्य संजय रावत ने विद्यार्थियों को लोकतंत्र के महत्व के बारे में बताया। कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश हैं। जहां देश की जनता अपने मत का प्रयोग कर अपने नेता को चुनती है। राजनीति विज्ञान के प्रवक्ता सुधीर कुमार ने विद्यार्थियों को राजनीति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि संसद से ही हमारे देश की तरक्की के लिए योजनाएं तैयार की जाती है। प्रत्येक विद्यार्थी को अपने देश की न्यायपालिका, कार्यपालिका व विधायिका के कार्यों के बारे में पता होना चाहिए। इस दौरान युवा संसद का गठन करते हुए महासचिव की जिम्मेदारी अनुज पोखरियाल, सचिव पद की जिम्मेदारी रौनक, रक्षामंत्री ऋषभ कुमार, वित्त मंत्री प्रिया महिला एवं बाल विकास मंत्री की जिम्मेदारी इशिका, रेशमा, रोनिका, सिमरन, रितिका को दी गई। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए वाद-विवाद व तर्क शक्ति प्रतियोगिता आयोजित की गई।



जनता इंटर कालेज कमलपुर-संगलाकोटी में आयोजित युवा संसद में मौजूद पक्ष-विपक्ष

# पांच वर्षों से टूटी है पुलिया, नींद में सिस्टम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : जनसरोकार को लेकर सरकारी सिस्टम कितना लापरवाह है इसका उदाहरण बीरोंखाल ब्लॉक के अंतर्गत पंचराड पुलिया को देखकर लगाया जा सकता है।

बैजरो और कोटद्वार को ग्रामीण क्षेत्र से जोड़ने वाली पंचराड़ पुलिया बीते पांच साल से टूटी पड़ी है। ग्रामीण बरसात के समय जान हथेली पर लेकर पंचराड़ गदेरे को पार कर रहे हैं।

करीब एक दशक पूर्व ब्लॉक के चार गांव अरकंडाई, अरकंडाई धार, रीठाधार और नंदाखेत गांव को बैजरों से जोड़ने के लिए अरकंडाई के पंचराड गदेरे में विधायक निधि से पुलिया का निर्माण किया गया था। वर्ष 2019 में गदेरे में आई बाढ़ में यह पुलिया बह गई। तब से लोग खतरे में गदेरे के उफान को पार कर आवाजाही कर रहे हैं। बरसात में तेज उफान के कारण इन ग्रामीणों का बैजरों से संपर्क कट जाता है। इस कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

पुल बनाने के लिए ग्रामीण कई मंचों पर आवाज उठा चुके हैं, लेकिन पुलिया का निर्माण धरातल पर नहीं उतर सका है।

अरकंडाई के प्रधान राजेंद्र सिंह, ग्रामीण कैलाश बिष्ट, दर्शन सिंह रावत, दर्शनी देवी व बीना देवी, महिपाल सिंह रावत का कहना है कि सामान्य दिनों में तो लोग गदेरे में उतरकर आवाजाही कर लेते हैं, लेकिन बरसात में गदेरे के उफनाने से आवाजाही ठप हो जाती है। इस दौरान यदि कोई बीमार हो जाए तो उसे अस्पताल भी नहीं पहुंचाया जा सकता है। ग्रामीण लगातार पुलिया निर्माण कराने की मांग कर रहे हैं।

## परीक्षा के माध्यम से हो प्रधानाचार्यों की नियुक्ति

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : सीमित विभागीय भर्ती परीक्षा समर्थक शिक्षकों ने प्रदेश के विद्यालयों में प्रधानाचार्यों की नियुक्ति भर्ती परीक्षा के माध्यम से करने की मांग की है। इस संबध में मंगलवार को भर्ती परीक्षा समर्थक शिक्षकों ने प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि सरकार की ओर से छात्रहित में विद्यालयों में रिक्त चल रहे प्रधानाचार्यों के पचास प्रतिशत पदों को विभागीय भर्ती परीक्षा के माध्यम से करवाने का निर्णय लिया गया है। पिछले लंबे समय से ये पद न्यायालयों में वादों के कारण विभागीय पदोन्नति से नहीं भरे जा सके हैं। वर्तमान में अधिकांश विद्यालयों में शिक्षक ही प्रभारी प्रधानाचार्य का कार्य भी देख रहे हैं। इससे विद्यालयों का शैक्षणिक कार्य प्रभावित हो रहा है। प्रधानाचार्य पदों को भर्ती परीक्षा के माध्यम से भरने के सरकार के निर्णय से एक स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा प्रोत्साहित होगी। इसलिए प्रधानाचार्य के रिक्त पदों को भर्ती परीक्षा के माध्यम से ही भरा जाना चाहिए। ज्ञापन सौंपने वालों में दीपक गौड़, संजीव काला, मनोज रावत, सुभाष बिष्ट, मुकेश रावत, दौलत सिंह गुसाईं, अनिल मैंदोला, अनूप कुमार, दीपक भट्ट और शोभा तिवारी आदि शिक्षक शामिल रहे।

# बोक्सा जनजाति के लोगों की समस्याओं का करें निराकरण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : उत्तराखंड जनजाति आयोग की अध्यक्ष लीलावती राणा ने विभागीय अधिकारियों को बोक्सा जनजाति के लोगों की समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। कहा कि लोगों को अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए अधिकारियों को गंभीरता से कार्य करना होगा। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुनते हुए मौके पर उनका निराकरण भी किया।

मंगलवार को हल्दूखाता स्थित बोक्सा जनजाति बालिका विद्यालय में उत्तराखंड जनजाति आयोग की तरफ से शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आयोग की अध्यक्ष लीलावती राणा ने बोक्सा जनजाति के लोगों की समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा कि बोक्सा जनजाति के लोगों के हित में सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। इसके लिए कई कल्याणकारी योजनाएं भी चलाई जा रही हैं। शिविर में बोक्सा जनजाति के लोगों ने उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन, जाति प्रमाण पत्र, स्थाई निवास प्रमाण पत्र, वन अधिकार के मामले भी उठाए। साथ ही सड़कों पर स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की। इसके अलावा बोक्सा जनजाति बालिका विद्यालय का उच्चीकरण करने, छात्रावास का निर्माण करने, बिजली, पानी की समुचित व्यवस्था करने की बात कही। आयोग की अध्यक्ष लीलावती राणा ने कहा कि वर्तमान में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत बोक्सा जनजाति के लोगों का उत्थान किया जा रहा है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को समस्याओं का संज्ञान लेकर समाधान करने के निर्देश दिए। कहा कि बोक्सा जनजाति के लोगों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रखा जा सकता है। कहा कि समस्याओं का समाधान न होने पर अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस मौके पर सहायक नगर आयुक्त चंद्रशेखर, समाज कल्याण अधिकारी संजीव पाल, सुरेंद्र सिंह राणा, सुरभि डोभाल, दीपा देवी, उषा देवी, देवांग, सोनू, रोशन, संगीता देवी, महेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



शिविर में लोगों को संबोधित करती उत्तराखंड जनजाति आयोग की अध्यक्ष लीलावती राणा

# विधानसभा अध्यक्ष ने लगाया झाड़ू

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर चलाया अभियान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने झंडाचौक, गोखले मार्ग में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने आमजन से भी शहर को स्वच्छ बनाने की अपील की।

मंगलवार से नगर निगम ने स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरूआत कर दी है। जिसका शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने किया। अभियान की शुरूआत पर निगम कर्मचारी, स्कूली बच्चे व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की ओर से रैली भी निकाली गई। विस अध्यक्ष ने कहा कि अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी ही नहीं, कर्तव्य भी है। उन्होंने नगर आयुक्त को सड़क व नालियों में कचरा डालने वाले दुकानदारों व नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। कहा कि शहर की स्वच्छता में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा व दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने की अपील करते हुए उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे कचरा प्रबंधन में सहयोग करें व कचरा डालने के निर्धारित स्थानों का उपयोग करें। इस दौरान उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी, नगर आयुक्त वैभव गुप्ता, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेंद्र अण्थ्वाल, पूर्व विधायक शैलेंद्र सिंह रावत, प्रदेश प्रवक्ता विपिन कैंथोला, मंडल अध्यक्ष पंकज भाटिया, हरि सिंह पुंडीर, अनीता आर्य, सुमन कोटनाला सहित कई अन्य मौजूद रहे।



कोटद्वार में स्वच्छता अभियान चलाती विस अध्यक्ष

# विश्वकर्मा दिवस पर किया पूजन



**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कोटद्वार स्थित आईटीडीए कैल्क संस्थान में मंगलवार को विश्वकर्मा दिवस पर हवन-पूजन का आयोजन कर संस्थान के यांत्रिक यंत्रों का पूजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक नंदकिशोर जखमोला ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि का प्रथम शिल्पकार और ब्रह्म का सातवां पुत्र माना जाता है। कहा कि ब्रह्म ने ही इन्हें सृष्टि की रचना का कार्यभार सौंपा था। बताया कि इस अवसर पर कारखानों, प्रतिष्ठानों, औजारों, मशीनों और निर्माण कार्यों से जुड़े संस्थानों में विशेष पूजा-आराधना की जाती है। इस अवसर पर अनीता जखमोला, अरविन्द दुद्पुड़ी, मोहित ठाकुर, भारत रावत, स्वाती कंडवाल और शिवानी नेगी सहित संस्थान के सभी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## आपदा प्रभावितों को उपलब्ध कराए टीन शेड

नई टिहरी : भिलंगना ब्लॉक की हिंदाव पट्टी क्षेत्र में आई आपदा से बेघर हुए चार परिवारों को जिला पंचायत अध्यक्ष सोना सजवाण ने टीनशेड और अतिरिक्त कक्ष उपलब्ध कराए हैं। प्रभावितों ने जिपं अध्यक्ष सोना सजवाण और जिपं सदस्य रघुवीर सजवाण का आभार जताया। बीते अगस्त माह में आई दैवीय आपदा में ग्राम पंचायत बडियार निवासी शूरवीर सिंह, दिनेश सिंह और कबोतर लाल के आवासीय भवन आपदा की भेंट चढ़ गए थे। जिससे प्रभावित गांव में ही पंचायत भवन में रहने को मजबूर थे। जिला पंचायत अध्यक्ष सोना सजवाण व जिपंस रघुवीर सजवाण ने आपदा राहत कार्य को प्राथमिकता देते हुए जिला पंचायत के माध्यम से तीन परिवारों को टीन से निर्मित और एक परिवार को पक्का मकान निर्मित कराकर प्रभावितों को राहत देने का कार्य किया।

# ग्रामीणों ने दी पंचायत चुनाव बहिष्कार की चेतावनी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जनपद पौड़ी गढ़वाल के पाबौ ब्लॉक के चैड तल्ला गांव के सड़क से नहीं जुड़ पाने से आक्रोशित ग्रामीणों ने पंचायत चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी दी है। इससे पूर्व ग्रामीणों ने बीते लोकसभा चुनाव का भी बहिष्कार किया था। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी मांग पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क सुविधा न होने के कारण गांव से लगातार पलायन हो रहा है। एक ओर तो सरकार पलायन रोकने के दावे कर रही है, वहीं गांव को सड़क जैसी मूलभूत सुविधा से भी नहीं जोड़ा जा रहा है। चैड तल्ला में आयोजित बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि पिछले करीब 30 सालों से सड़क निर्माण की मांग की जा रही है। कई जनप्रतिनिधियों, मुख्यमंत्री और मंत्रियों को ज्ञापन देने के बाद भी उनकी मांग पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीण रमेश रावत ने बताया कि वे पिछले कई सालों से सड़क निर्माण की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि व जिला प्रशासन ने उनकी सुध नहीं ली। कहा कि उनके गांव तक सड़क नहीं होने के कारण उनको हर रोज पांच किलोमीटर की पैदल दूरी नापकर अपने जरूरी काम निपटाने के लिए पाबौ जाना पड़ता है। सड़क नहीं होने से गांव से लगातार पलायन हो रहा है। बताया कि उन्होंने बीते दिनों हुए लोकसभा चुनाव का भी बहिष्कार किया। जिस पर जिला प्रशासन ने उन्हें उनकी मांग पर अमल करने की बात कही। लेकिन चुनाव होने के बाद भी सड़क निर्माण को लेकर कोई कदम नहीं उठाए जा रहे है। जिससे ग्रामीणों में अक्रोश व्याप्त है। बैठक में नीलम देवी, बबीता देवी, जसपाल सिंह गुसाईं, रमेश रावत, ठाकुर सिंह, शंकर सिंह, सिताब सिंह, प्रवीण, सचिन, कलावती देवी, शीला देवी आदि मौजूद रहे।

## त्रिदंडी श्रीमननारायण रामानुज स्वामी पहुंचे श्रीभरत मंदिर

ऋषिकेश। त्रिदंडी श्रीमन नारायण रामानुज स्वामी (चिन्न जीयर स्वामी) मंगलवार को बदरीनाथ धाम के दर्शन कर ऋषिकेश पहुंचे। उन्होंने यहां श्रीभरत मंदिर में हृषिकेश नारायण भरत भगवान के दर्शन किए। महंत वत्सल प्रन्नाचार्य ने मंदिर में उन्हें उनको पौराणिक पांचवीं सदी के शिलालेख का अवलोकन कराया। त्रिदंडी श्रीमन नारायण रामानुज स्वामी ने कहा कि श्रीभरत मंदिर के दर्शन कर आत्मिक शांति की अनुभूति हुई। युवा संत समाज पौराणिक स्मृतियों को और उनके महत्व को समझना शुभ संकेत है।

## तीर्थनगरी देवप्रयाग में जलापूर्ति ठप्प होने से लोग परेशान

नई टिहरी : नगर क्षेत्र में तीन दिनों से लगातार जलापूर्ति ठप्प होने का खामियाजा नगरवासियों सहित यहां आने वाले श्रद्धालुओं को भी भुगतना पड़ रहा है। आज से श्राद्ध महीना शुरू होने से गंगा स्नान और पिंडदान करने आ रहे श्रद्धालुओ को शौच आदि कामो के लिये काफी मुश्किल उठानी पड़ रही है। संगम स्थल पर सोमवार रात से पहुंचे श्रद्धालुओं को यहां शौचालयो में पानी नही होने से काफी मुश्किल बनी रही। तीन दिन से नमामि गंगे परियोजना के तहत संगम स्थल व नदी तटों सहित नगर क्षेत्र मे स्थित सार्वजनिक शौचालयों में पानी की आपूर्ति बन्द पड़ी है।

सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. अभिषेक का कहना है कि, पिछले एक महीने से नलों में गन्दा पानी आ रहा है और इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी की गई है। और पिछले दिन दिनों से सम्पूर्ण जलापूर्ति ठप्प है। ऐसे में गंदे पानी से लोगों मे बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। साथ ही जनता को जरुरत के कामों के लिये भी पानी नही मिल पा रहा है। (एजेंसी)


## अदालती सूचना

**न्यायालय असिस्टेंट कलक्टर (प्रथम श्रेणी) कोटद्वार गढ़वाल**

**राजस्व वाद संख्या 31 सन 23-24**

**स्वदेश रावत**

**--वादी**

**बनाम्**

**मोहन सिंह तथा अन्य**

**--प्रतिवादीगण**

समन बनाम - श्री मोहन सिंह पुत्र स्व0 वचन सिंह, प्रतिभा पत्नी स्व0 विनोद सिंह, कौशलजय पुत्र स्व0 विनोद सिंह निवासीगण गाडीघाट, पट्टी सनेह, तहसील कोटद्वार, मंगल सिंह रावत पुत्र स्व0 खुशहाल सिंह निवासी धर्मपुर, देहरादून, उत्तराखण्ड प्रदेश सरकार द्वारा कलेक्टर महोदय, पौड़ी, जिला पौड़ी गढ़वाल एवं नगर निगम कोटद्वार द्वारा नगर आयुक्त महोदय, नगर निगम कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल।

चूंकि वादी ने मेरे न्यायालय में आपके विरूद्ध एक वाद अन्तर्गत धारा 229 बी0 उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि सुधार अधिनियम प्रस्तुत किया है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि दिनांक 9-10-24 को मेरे न्यायालय स्थान कोटद्वार में बवक्त 10 बजे दिन हाजिर आकर मामले में जवाबदेही करें। अन्यथा मामले में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

मेरे हस्ताक्षर व मुहर अदालत के आज दिनांक 7-9-2024 को जारी किया गया।

**न्यायालय असिस्टेंट कलेक्टर**
**प्र0श्रे0**
**कोटद्वार गढ़वाल।**
(0446/15)



## उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से, उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद निम्नलिखित कार्य के लिए सिंगल पैकेट प्रणाली के तहत खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम व स्थान | उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद के कार्य क्षेत्र में चंदौसी-अलीगढ़ सेक्शन के डिबाई डीपो में आर डी एस ओ, आई आर एस - जीई-1 2023 (अपडेटेड करेक्शन स्लिप के साथ)/रेलवे मानको के अनुरूप 65 एमएम की मशीन द्वारा तोड़ी गई गिट्टी का विनिर्माण, आपूर्ति, इकट्ठा करना एवं चट्टे लगाने एवं रेलवे वैगनो/हॉपरो में गिट्टी की लोडिंग का कार्य |
| 2. | कार्य पूरा करने की अवधि | 09 (नौ) माह |
| 3. | कार्य की अनुमानित लागत | रू. 792.99 लाख |
| 4. | जमा की जाने वाली जमानत राशि | रू. 5,46,500.00 |
| 5. | निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र की बृहत जानकारी | ई निविदा प्रपत्र की बृहत सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपर्युक्त निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर दिनांक 17.09.2024 से दिनांक 09.10.2024 को 11:30 बजे तक उपलब्ध रहेगी। उपर्युक्त टेण्डर के सम्बन्ध में अन्य सभी नियम व शर्तें टेण्डर डॉक्यूमेंट में दी गई हैं। निविदा सूचना की बृहत जानकारी कार्यालय में निविदा सूचना बोर्ड से की जा सकती है। |
| 6. | ई-निविदा अपलोड करने व खुलने की तिथि | ई-निविदा दिनांक 25.09.2024 से 09.10.2024 को 11:30 बजे तक आईआरईपीएस की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है। बोलीकर्ता ई-टेण्डर में भाग ले सकते हैं। टेकनिकल कम कमर्शियल बिड दिनांक 09.10.2024 को 11:30 बजे तक ई-टेण्डर अपलोडिंग बन्द होने के तुरन्त बाद खोली जाएगी। |

निविदा सूचना सं०- 1-डब्लू- टेण्डर-287-उप मु० अभि० नि० मुरादाबाद दिनांक- 17.09.2024 2887/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# केदारनाथ धाम में शुरू हुआ स्वच्छता पखवाड़ा



रुद्रप्रयाग : जिलाधिकारी सौरभ गहरवार के निर्देशों और प्रशासक नगर पंचायत केदारनाथ उपजिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल शुक्ला के निर्देशन में केदारनाथ धाम में स्वच्छता पखवाड़ा शुरू किया गया। इस दौरान नगर पंचायत केदारनाथ द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ किया गया। सफाई अभियान के दौरान मंदिर परिसर में स्वच्छता की शपथ ली गई। जबकि जन जागरूकता रैली निकाली गई। केदारसभा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी केदारनाथ मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर तहसीलदार प्रणव कुमार पांडेय, सेक्टर अधिकारी महेंद्र सिंह नेगी, विनोद सिंह रावत, तीर्थ पुरोहित उमेश कुमार पोस्ती, अंकित सेमवाल, तेजप्रकाश त्रिवेदी, पंकज शुक्ला, लक्ष्मी प्रसाद जुगरान, पुरूषोत्तम तिवारी, एनडीआरएफ के उपनिरीक्षक जीडी देवरत, एनडीआरएफ के जवान एवं एसडीआरएफ के जवान, मंदिर समिति के पदाधिकारी, नगर पंचायत केदारनाथ के पर्यावरण पर्यवेक्षक हिमांशु नेगी, सफाई नायक मुकेश कुमार, पर्यावरण मित्र तथा सुलभ इंटरनेशनल के सुपरवाइजर रंजीत सिंह मौजूद थे। (एजेंसी)

## एक नजर

### विश्वकर्मा दिवस पर टीएचडीसी में मशीनों की पूजा की

नई टिहरी : विश्वकर्मा दिवस पर इंजीनियरिंग और मैकेनिकल संस्थानों में मशीनों, अस्त्र-शस्त्रों की पूजा की गई। इस दौरान भगवान विश्वकर्मा से देश की प्रगति और खुशहाली की कामना की गई। टीएचडीसी इंडिया भागीरथीपुरम में पूजा-अर्चना के साथ ही प्रसाद वितरण किया गया। मंगलवार को टीएचडीसी इंडिया की टिहरी इकाई में ओएंडएम विभाग की ओर से विश्वकर्मा दिवस धूमधाम से मनाया गया। अधिशासी निदेशक एलपी जोशी की देखरेख में आयोजित कार्यक्रम में परियोजना की मशीनों का पूजन कर टीएचडीसी की प्रगति बताई गई। विश्वकर्मा भगवान से टीएचडीसी द्वारा देश के चहुंमुखी विकास को डायवर्सिफाइड एनर्जी के क्षेत्र में किए जा रहे सतत प्रयासों में सफलता और सभी कर्मियों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। इस मौके पर जीएम विजय सहगल, एजीएम आरएस राणा आदि मौजूद रहे।

### देवाल में पुल की दीवार टूटी

चमोली : देवाल विकास खंड के हिमनी-बलाण गांव के बीच काली ताल गधेरे में बना लोहे के पुल के साइड की सुरक्षा दीवाल क्षतिग्रस्त होने से पुल खतरे की जद में आ गया है। यहां से आगे यातायात बंद है। बलाण गांव के उप प्रधान विरेन्द्र राम ने कहा है। 14 सितम्बर को हुई मूसलाधार बारिश से हिमनी व बलाण मोटर मार्ग के काली ताल गधेरे पर बना लोहे के पुल की साइड पर बनाई गई सुरक्षा वाल लगभग 20 मीटर क्षतिग्रस्त हो गई है। पुल को खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने पीएमजीएसवाई विभाग से शीघ्र पुल के क्षतिग्रस्त सुरक्षा वाल को बनाने की मांग की है। (एजेंसी)

### ग्राम सभा केवर को मोटर मार्ग से जोड़ने की मांग

चमोली : नारायणबगड़ प्रखंड की सबसे नजदीकी ग्राम सभा केवर को मोटरमार्ग से जोड़ने की मांग को लेकर ग्रामीणों के शिष्टमंडल ने मंगलवार को विभागीय मंत्री सतपाल महाराज को ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी नारायणबगड़ प्रखंड की सबसे नजदीकी ग्राम सभा केवर मोटर मार्ग से नहीं जुड़ पाई है और नारायणबगड़ बाजार में कोई पार्किंग की उचित व्यवस्था भी नहीं है जिससे अक्सर बाजार में जाम की स्थिति बनी रहती है। (एजेंसी)

### मशीनों की पूजा कर मनाया विश्वकर्मा दिवस

चमोली : थराली और आसपास के क्षेत्र में विश्वकर्मा जयंती पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। राजकीय पॉलिटेक्निक कुलसारी, सतलुज जल विद्युत परियोजना थराली, सीमा सुरक्षा बल ग्वालदम, घरों में मशीनों की पूजा अर्चना के साथ यहां विश्वकर्मा परिवारों ने हवन-पूजन का आयोजन कर विश्वकर्मा का आशीर्वाद प्राप्त किया। लोगों ने अपने घरों में मशीनी और लोहे के उपकरणों की साफ-सफाई कर विधिपूर्वक पूजा की। पूजा के बाद प्रसाद वितरण हुआ, सभी ने एक-दूसरे को विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं दी। ग्वालदम में प्रतिविद्रोहिता एवं जंगल युद्ध कला पद्धति स्कूल सशस्त्र सीमा बल ग्वालदम में उप महानिरीक्षक अनिल कुमार शर्मा की उपस्थिति में संस्थान के मोटर परिवहन परिसर में भगवान विश्वकर्मा की जयंती के शुभ अवसर पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई। (एजेंसी)

### धूमधाम से मनाया पीएम मोदी का जन्मदिन

चमोली : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने चंडिका देवी मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाया और कीर्तन भजन कर पीएम के दीर्घायु होने की प्रार्थना कर मिष्ठान वितरण किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश मैखुरी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विक्रम मिंगवाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य समीर मिश्रा, विधानसभा संयोजक अरुण मैठाणी, जिला उपाध्यक्ष गैणा सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र डिमरी, धनसिंह नेगी, महिला मोर्चा अध्यक्ष कांता देवी, युवा मोर्चा अध्यक्ष बलबीर सिंह, सुभाष नौटियाल, हेमा देवी, संजय डिमरी, बूथ अध्यक्ष भरत सिंह आदि थे। (एजेंसी)

### राष्ट्र की एकता को हुई मां गंगा की आरती

ऋषिकेश। देश की एकता और विकास के लिए निकली सैल्यूट तिरंगा यात्रा मंगलवार को स्वर्गाश्रम पहुंची। यहां सैल्यूट तिरंगा राष्ट्रवादी संगठन के सदस्यों ने पौधरोपण किया। परमार्थ निकेतन आश्रम के सहयोग से गंगा आरती भी की।

# मुख्य सचिव ने जताई लक्ष्य से कम ऋण वितरण पर सख्त नाराजगी

**अफसर डिस्बर्समेंट को गम्भीरता से लें और ऋण वितरण के लक्ष्य को तत्परता से पूरा करें**

**जयन्त प्रतिनिधि।**



देहरादून : नाबार्ड के तहत स्वीकृत प्रस्तावों के सापेक्ष विभागों द्वारा लक्ष्य से कम ऋण वितरण पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने डिस्बर्समेंट को गम्भीरता से लेते हुए ऋण वितरण व अदायगियों के लक्ष्य को तत्परता से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने वित्त विभाग को एक सप्ताह में धीमी गति से चल रहे सभी प्रोजेक्ट्स की समीक्षा के भी निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सचिवालय में नाबार्ड की आरआईडीएफ (ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि) पर द्वितीय उच्चाधिकार प्राप्त समिति (एचपीसी) की बैठक की अध्यक्षता की। सीएस श्रीमती राधा रतूड़ी ने पेयजल विभाग को पेयजल सुविधाओं के विकास से सम्बन्धित प्रस्तावों को तत्काल भेजने तथा नाबार्ड को पेयजल प्रस्तावों को शीर्ष प्राथमिकता पर लेने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों के सचिवों एवं विभागाध्यक्षों को ऋण वितरण एवं अदायगियों में तेजी लाने के लिए साप्ताहिक समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। विभागों द्वारा ऋण वितरण एवं अदायगियों के साथ ही नाबार्ड को प्रस्ताव भेजने के दौरान प्रक्रियाओं में हो रहे विलम्ब का संज्ञान लेते हुए मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने प्रक्रियाओं के सरलीकरण व तीव्रता के निर्देश दिए हैं। विद्यालयी शिक्षा विभाग द्वारा बैठक में मौजूद नहीं रहने पर मुख्य सचिव ने विभाग से स्पष्टीकरण लेने को कहा। मुख्य सचिव ने नाबार्ड को निर्देश दिए हैं कि राज्य में सिंचाई सुविधाओं के विकास के सापेक्ष किसानों की कृषि आय में बढ़ोतरी पर तुलनात्मक अध्ययन किया जाए। उन्होंने नाबार्ड को प्रस्तावों की स्वीकृति में तेजी लाने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि स्वीकृत प्रस्तावों के सापेक्ष विभागों द्वारा डिस्बर्समेंट की प्रगति संतोषजनक नहीं है। सभी विभागों को इसमें तेजी लाने की आवश्यकता है। कहा कि विभागों द्वारा वितरण और अदायगियों में आ रही समस्याओं का निवारण कर शीघ्र कार्यो को पूर्ण किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि अच्छे प्रस्ताव लगातार तैयार कर प्रस्ताव वित्त को भेजे जाने के साथ ही डीपीआर नाबार्ड को भी भेज दी जाए, ताकि समय पर नाबार्ड की भी संस्तुति मिल सके। उन्होंने प्रत्येक सप्ताह और पाक्षिक रूप से प्रस्तावों की लगातार मॉनिटरिंग किए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सचिव शैलेश बगौली, डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम, अपर सचिव सी. रविशंकर एवं नाबार्ड अधिकारी पंकज यादव,निर्मल कुमार सहित विभागों के विभागाध्यक्ष एवं उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

**1098 करोड़ ऋण डिस्बर्समेंट का लक्ष्य**

बैठक में अपर सचिव वित्त ने बताया कि उच्चाधिकार समिति द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए आरआईडीएफ के तहत 1162 करोड़ के सापेक्ष 1098 करोड़ ऋण डिस्बर्समेंट का लक्ष्य है। बताया कि 1098 करोड़ के डिस्बर्समेंट के लक्ष्य के सापेक्ष अभी तक विभागों द्वारा मात्र 232.28 करोड़ का डिस्बर्समेंट किया गया है। राज्य में नाबार्ड के तहत ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि (आरआईडीएफ) से 2.05 लाख हेक्टेयर भूमि पर सिचाई सुविधाओं का सृजन एवं पुनर्द्धार किया गया है। लगभग 14,766 किमी. ग्रामीण सड़कों के नेटवर्क का निर्माण एवं सुधार किया गया है। 27307 मीटर ब्रिज का निर्माण हो चुका है। 23.77 लाख ग्रामीण आबादी को पेयजल सुविधा मिल चुकी है। 241 स्कूल एवं आईटीआई का निर्माण एवं पुनर्द्धार हो चुका है।

# जल और वन संसाधनों पर महिलाओं को देने होंगे अधिकार: वैभव सिंह

देहरादून। रुद्रप्रयाग जिले में बतौर डीएफओ रहने के दौरान जल संरक्षण के क्षेत्र में बेहतरीन काम करने वाले आईएफएस वैभव सिंह ने जल और वन संसाधनों पर महिलाओं को अधिकार देने की वकालत की। उन्होंने कहा कि जल एवं वन संरक्षण के क्षेत्र में उत्तराखंड की महिलाएं सबसे बड़ी स्टेक होल्डर हैं। ऐसे में उन्हें ही सुरक्षा का जिम्मा दिया जाए। आईएफएस वैभव सिंह ने कहा कि पहाड़ के जल स्त्रोतों से लेकर वनों से महिलाओं का सबसे बड़ा जुड़ाव है। चाहे घर के लिए पानी जुटाना हो या जानवरों के लिए चारे के साथ ही वन उपज का इस्तेमाल। हर मामले में महिलाओं का सबसे अधिक जुड़ाव है। महिला ग्रुप अधिक असरदार रहते हैं। उन्हें अधिकार दिया जाए। उन्हें ही सुरक्षा का जिम्मा दिया जाए। क्योंकि महिलाओं में मातृत्व की भावना अधिक रहती है। वे उसी भाव से पेयजल और वनों के संरक्षण की दिशा में बेहतर काम करेंगी। इसके लिए महिला समूहों से संवाद स्थापित किया जा रहा है।

**सारा के जरिए रिचार्ज होंगे 12 हजार सूखे जल स्त्रोत**

वैभव सिंह ने बताया कि उत्तराखंड में जल स्त्रोतों के संवर्द्धन को स्प्रिंग शेड एंड रिवर रिजुवेशन अथॉरिटी (सारा) का गठन किया गया। अभी तक की जानकारी के अनुसार करीब 12 हजार स्त्रोतों के सूखने की बात सामने आई है। सारा के जरिए छह हजार स्त्रोतों को संवारने का काम किया जा रहा है। कहा कि तकरीबन 90 प्रतिशत आबादी पीने के पानी के लिए जल स्त्रोतों पर निर्भर है। इसी को ध्यान में रख कर डाटा बेस तैयार किया जा रहा है।

**पेयजल योजनाओं के लिए संवारे जाएं पुराने जल स्त्रोत**

आईएफएस वैभव सिंह ने कहा कि कहीं भी स्त्रोत आधारित पेयजल योजना को तैयार किए जाने से पहले स्त्रोतों को पुनर्जीवित किया जाए।

# राज्यपाल ने किया "राष्ट्रीय एकता और हिंदी भाषा" का किया विमोचन

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को राजभवन में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' द्वारा लिखित पुस्तक "राष्ट्रीय एकता और हिंदी भाषा" का विमोचन किया। इस अवसर पर वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) द्वारा विकसित "उत्तराखंड यूनिवर्सिटी कनेक्ट" डैशबोर्ड का भी राज्यपाल ने लोकार्पण किया। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) ने पूर्व में यूनिवर्सिटी कनेक्ट मोबाइल एप विकसित किया था, जिसे अब डेस्कटॉप और मोबाइल एप दोनों के लिए अपग्रेड किया गया है। इस एप से विश्वविद्यालयों में चलाये जा रहे पाठ्यक्रम, संकाय, प्रवेश, नामांकन, बजट, शिक्षक, कर्मचारी, छात्र, एमओयू, उपलब्धियां, प्रशिक्षण और प्लेसमेंट, प्रशिक्षण कार्यक्रम, बुनियादी सुविधाएं, आदि के बारे में सभी महत्वपूर्ण जानकारी संग्रहीत की जायेंगी।कार्यक्रम में राज्यपाल ने यूकॉस्ट द्वारा प्रकाशित कॉफी टेबल "एडवेंट ऑफ एडवांस्ड एडमिनिस्ट्रेटिव इंटेलिजेंस" का विमोचन भी किया। इस कॉफी टेबल बुक में राजभवन में राज्यपाल के मार्गनिर्देशन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में किए गए अभिनव प्रयासों के बारे में जानकारी उपलब्ध है।



राज्यपाल ने राजभवन में एआई और टेक्नोलॉजी से संबंधित कई नवाचार किए गए हैं जिनमें- उत्तराखण्ड कॉलेज एफिलिएशन पोर्टल, यूनिवर्सिटी कनेक्ट और यूनिसंगम मोबाइल एप, राजभवन का एआई ऑटोमेशन सिस्टम, मैत्री चैटबॉट, चारधाम यात्रा डैशबोर्ड, इन्वेंटरी सिस्टम आदि हैं, जिसे कॉफी टेबल में अंकित किया गया है। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि हिन्दी भारत की आत्मा ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता का प्रतीक भी है। हिंदी आत्मीयता की भाषा के साथ भारतीय संस्कृति को प्रतिबिंबित करती है। उन्होंने पुस्तक के लेखन और हिंदी को देश और विदेशों में प्रचारित करने के लिए डॉ. 'निशंक' को बधाई दी। राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान समय में तकनीकी और एआई का महत्व अभूतपूर्व रूप से बढ़ गया है। तकनीक ने हमारे जीवन के हर पहलू को प्रभावित किया है, चाहे वह शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार या मनोरंजन हो। इसी को मध्यनजर रखते हुए राजभवन में एआई और तकनीकी पर आधारित कई पहल शुरू की गई हैं। उन्होंने यूकॉस्ट को इस कॉफी टेबल बुक बनाने के लिए बधाई दी और कहा कि इससे लोगों की टेक्नोलॉजी के प्रति रूचि बढ़ेगी। राज्यपाल ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के युग में डैशबोर्ड और मोबाइल एप उपयोगकर्ताओं को जानकारी प्रदान करके निर्णय लेने में सुधार और दक्षता बढ़ाकर विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने कहा कि यूटीयू द्वारा तैयार यह डैशबोर्ड और एप सभी राज्य विश्वविद्यालयों के बारे में जानकारी साझा करने और उनके साथ-साथ राजभवन के बीच संचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल "निशंक" ने कहा कि हिंदी भारत की आत्मा है। हिंदी में ज्ञान, विज्ञान और अनुसंधान समाहित है। उन्होंने कहा कि यह हमें एक सूत्र में पिरोती है। देश की आजादी में हिंदी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। विश्व गुरु बनने का रास्ता हिंदी से होकर ही गुजरता है। इस कार्यक्रम में यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत ने कॉफी टेबल बुक के बारे में जानकारी दी। कुलपति यूटीयू प्रो. ओंकार सिंह ने डैशबोर्ड के संबंध में अवगत कराया। इस अवसर पर सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, अपर सचिव स्वाति एस भदौरिया, डॉ. योगेन्द्र नाथ "अरूण", कुलपति दून विश्वविद्यालय प्रो. सुरेखा डंगवाल, कुलपति श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय प्रो. एन के जोशी, कुलपति आयुर्वेद विश्वविद्यालय प्रो. अरूण कुमार त्रिपाठी, कुलपति संस्कृत विश्वविद्यालय प्रो. दिनेश चन्द्र शास्त्री सहित विभिन्न कॉलेजों के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर परमार्थ निकेतन में हुआ स्वच्छता ही सेवा—2024 अभियान का शुभारंभ

ऋषिकेश। भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी के पावन सान्निध्य, मार्गदर्शन और नेतृत्व में स्वर्गाश्रम, बाघखाला, राजाजी नेशनल पार्क एवं गंगा जी के तटों पर महास्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। परमार्थ गुरूकुल के ऋषिकुमार, राजाजी नेशनल पार्क के अधिकारीगण, एसडीएम चतरसिंह चौहान जी, ईओ दीपक शर्मा जी और अनेक देशी-विदेशी पर्यटकों ने स्वच्छता अभियान व रैली में सहभाग किया। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन से सभी को स्वच्छता को अपने व्यवहार, संस्कार व स्वभाव में लागू करने हेतु प्रेरित किया।



भारत के कर्मठ, कर्मयोगी, ऊर्जावान प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस पर आयोजित स्वच्छता ही सेवा- 2024 ह्यस्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छताह्न अभियान स्वच्छता के प्रति जनभागीदारी और सामूहिक प्रयासों को पुनर्जीवित करने हेतु एक उत्कृष्ट प्रयास है। परमार्थ निकेतन में स्वच्छता अभियान, स्वच्छता शपथ व स्वच्छता संकल्प के माध्यम से इस अभियान का शंखनाद किया।परमार्थ निकेतन में इस अभियान के तीन मुख्य स्तंभ – स्वच्छता लक्ष्य इकाइयाँ, स्वच्छता में जन भागीदारी, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर की शुरूआत हुई।स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को जन्मदिवस की शुभकामनायें देते हुये कहा कि मोदी जी ह्यस्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छताह्न अभियान के माध्यम से भारत को एक नया आकार प्रदान कर रहे हैं। मैं तो परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश गंगा तट पर देख रहा हूँ, आज से 10 वर्ष पहले जो स्वच्छता का दीप जला था वह महादीप बनकर प्रज्वलित हो रहा है। हम प्रतिदिन गंगा जी की आरती करते हैं और जिससे पूरे विश्व के श्रद्धालु आते व जुड़ते भी हैं, परन्तु जल की जो निर्मलता और स्वच्छता अब है उसका अनुभव यहां बैठकर अब सभी लोग कर रहे हैं, यह सब भारत के ऊर्जावान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की कर्मठता, नेतृत्व और सभी के सामूहिक प्रयासों से ही सम्भव हो रहा है।

### आयकर कार्यालय में कर्मचारियों ने तालाबंदी की

ऋषिकेश। आयकर कार्यालय में पेयजल आपूर्ति बाधित होने पर मंगलवार को आयकर कर्मचारी महासंघ ऋषिकेश के सदस्यों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित कर्मचारियों ने नाराजगी जताते हुए आयकर कार्यालय में तालाबंदी कर पानी उपलब्ध कराने की मांग की।

कर्मचारी महासंघ ऋषिकेश के सदस्यों ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि पिछले एक वर्ष से जल आपूर्ति पूर्णरूप से बाधित है। जिसके चलते कई बार उच्च अधिकारियों से इसकी शिकायत की गई और लिखित जानकारी भी दी गई। बावजूद इसके अभी तक कोई समाधान नहीं हो पाया है। ऐसे में कर्मचारी रोज अपने घरों से पानी की बोतल भरकर लाते हैं। कार्यालय में पानी के अभाव में शौचालय का प्रयोग नहीं हो पाता है और शौचालय से दुर्गंध आती है। जिससे संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा भी बना हुआ है।

# रैली के जरिए स्वच्छता के प्रति जागरूक किया

ऋषिकेश। नगर पालिका परिषद मुनिकीरेती ने स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम के तीसरे दिन मंगलवार को स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली। रैली के जरिए लोगों से क्षेत्र को स्वच्छता रखने की अपील की गई। मंगलवार को नगर पालिका प्रशासन मुनिकीरेती ने स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता थीम के तहत रैली का आयोजन किया। जिसके तहत जानकी झूला पर पालिका की टीम, भरत मंदिर इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स, रामझूला व जानकी झूला के स्थानीय रेहड़ी, फड़ विक्रेता एकत्रित हुए। सभी ने जानकी झूला से रामझूला तक जागरूकता रैली निकाली और क्षेत्रवासियों से क्षेत्र को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की। सुपरवाइजर जितेंद्र सिंह सजवाण ने कहा कि प्रशासक देवेंद्र सिंह नेगी और अधिशासी अधिकारी तनवीर सिंह मारवाह के निर्देश पर पालिका प्रशासन द्वारा दो अक्तूबर तक स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इस दौरान क्षेत्रवासियों से स्वच्छता बनाए रखने और पॉलिथीन का प्रयोग ना करने की अपील की गई है।

मौके पर सफाई सुपरवाइजर राजू, बाबू सिंह, सदस्य स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 प्रज्वल शर्मा, मनीष भट्ट, अंकित जगूड़ी, सुनील सिंह, वैशाली रावत, रेश्मा, रामझूला रेहड़ी एसोसिएशन के अध्यक्ष भगवानदास, जानकी झूला एसोसिएशन के सचिव जितेंद्र यादव, एनसीसी कमांडर ऑफिसर अभिषेक, कैडेट सौरभ, पीयूष पासवान आदि उपस्थित रहे। उधर, नगर पंचायत तपोवन ने ग्रीन हिमालय संस्था एवं स्थानीय के साथ मिलकर स्वच्छता ही सेवा का शुभारंभ किया।

# महिला केंद्रित जल नीति बना कर ही बचाए जा सकेंगे जल स्रोत: जंगली

देहरादून। पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में चार दशक से काम कर रहे जगत सिंह चौधरी जंगली ने पानी बचाने को महिला केंद्रित जल नीति बनाने पर जोर दिया। जंगली ने कहा कि जल संरक्षण की हर मुहिम से महिलाओं को जोड़ना होगा। आधुनिक तकनीक के साथ ही परम्परागत रणनीति के जरिए भी जल संवर्द्धन पर काम करना होगा। चार दशक की मेहनत से रुद्रप्रयाग में बंजर जमीन को मिश्रित वन क्षेत्र में विकसित करने वाले जंगली ने कहा कि दशकों की मेहनत के बाद मिश्रित वन क्षेत्र विकसित किया तो इससे पूरे क्षेत्र में जल धाराएं फूट पड़ी। जल स्त्रोतों के विकसित होने से स्थानीय पेयजल योजनाओं को सीधा लाभ पहुंचा। पेयजल एजेंसियों को पानी की योजनाएं तैयार किए जाने में आसानी हुई। उन्होंने कहा कि जल विष्णु है और महिलाएं लक्ष्मी की भूमिका में हैं। ऐसे में जल बचाने को पेयजल संरक्षण की हर मुहिम से महिलाओं को जब तक नहीं जोड़ा जाएगा, कोई भी मुहिम सफल नहीं हो सकेगी। हमें मिश्रित वन क्षेत्र बढ़ाने होंगे। महिलाओं को साथ लेकर जल स्त्रोतों को पुनर्जीवन देना होगा। सरकार को जल नीति पर काम करना होगा। न सिर्फ महिला केंद्रित जल नीति तैयार करनी होगी, बल्कि उसे ईमानदारी के साथ धरातल पर उतारना भी होगा। प्राकृतिक जल स्त्रोतों को कैसे बचाया जा सके, इसके लिए ठोस रणनीति तैयार करनी होगी। क्योंकि पानी और वन बचाने में महिलाओं का सबसे अहम योगदान रहता है। जल धाराओं को संवारना होगा। क्योंकि जब जल, जंगल बचेंगे, तभी हिमालय बचेगा।

जलवीर महिलाओं को बढ़ाना होगा : जंगली ने कहा कि अग्निवीरों की तरह जलवीर महिलाओं को तैयार करते हुए उन्हें भी आगे बढ़ाना होगा। उन्हें प्रोत्साहित करना होगा।

### स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाएं

नई टिहरी : स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत नगर पालिका कर्मियों ने नगर के स्कूली छात्रों, स्वयं सहायता समूहों के कार्यकर्ताओं और नेहरू युवा केंद्र के साथ मिलकर मंगलवार सुबह को हनुमान चौक होते हुए विभिन्न मुख्य मार्गों पर जागरूकता रैली निकाली। इस मौके पर स्वच्छता को लेकर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। जागरूकता रैली को भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल, नगर पालिका के प्रशासक एसडीएम संदीप कुमार ने हरी झंडी देकर रवाना किया। जिसके बाद रैली नगर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल ने कहा कि स्वच्छता को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पूरा फोकस है।



### नगर निगम कर्मचारियों ने धूमधाम से मनायी विश्वकर्मा जयंती

हरिद्वार। नगर निगम में विश्वकर्मा दिवस के अवसर पर औजारों और यंत्रों की पूजा की गई। नगर निगम में नगर आयुक्त वरुण चौधरी की उपस्थिति में हवन, पूजा-अर्चना की गई। नगर आयुक्त ने श्रद्धा के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा का पूजन किया। उन्होंने पूजन के बाद कर्मचारियों और शहरवासियों को विश्वकर्मा जयंती की बधाई दी। उन्होंने कहा कि नव-निर्माण और नव-सृजन में जुटे सभी कर्मयोगियों का अभिनंदन करते हैं। पूजा-अर्चना के बाद कर्मचारियों ने भंडारे का आयोजन किया।

# राज्यपाल ने लिया पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने का संकल्प

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को राजभवन परिसर में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत पौधारोपण करते हुए, पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि मां के प्रति सम्मान और धरती के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करने का यह एक छोटा सा प्रयास है। राज्यपाल ने सभी लोगों से आग्रह किया कि अधिक से अधिक वृक्ष लगाएं और माननीय प्रधानमंत्री जी की इस मुहिम में सहभागी बनें। इस अवसर पर प्रथम महिला गुरमीत कौर, सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन एवं अपर सचिव स्वाति एस भदौरिया ने भी "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया।



# व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना को एक साल और बढ़ाया

देहरादून। राज्य के व्यापारियों को दुर्घटना बीमा सुरक्षा की योजना को एक साल और बढा दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन के दिन वित्त मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल ने इसकी घोषणा की। प्रदेश के करीब एक लाख से ज्यादा व्यापारियों को इस योजना का लाभ मिलेगा। मंगलवार को वित्त मंत्री ने बताया कि राज्य में रजिस्टर्ड व्यापारियों को बीमा सुरक्षा देने के लिए योजना शुरू की गई थी। इसके तहत दुर्घटना होने पर व्यापारी के परिजनों को 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता मिलती है। योजना इस साल 18 नवंबर को खत्म होने जा रही थी। व्यापारी पिछले काफी समय से इसकी मांग कर रहे थे। व्यापारियों के हित से जुड़ा विषय होने की वजह से सरकार ने इस योजना को आगे बढ़ाने का निर्णय किया। अब यह बीमा योजना 18 नवंबर 2025 तक जारी रहेगी।योजना अवधि के दौरान पंजीयन प्राप्त करने वाले व्यापारी रजिस्ट्रेशन की की प्रभावी तारीख से बीमा योजना में तय मानक के अनुसार स्वतः ही आच्छादित माने जाएंगे। यदि बीच में किसी व्यापारी का रजिसस्ट्रेशन निरस्त होता है तो वह निरस्तीकरण की तारीख से बीमा योजना से बाहर हो जाएगा।

**क्लेम में देरी पर बीमा कंपनी पर होगी कार्रवाई**

वित्त मंत्री ने बताया कि व्यापारियों की रजिस्ट्रेशन की जानकारी वेबसाइट से ली जा सकती है। यदि बीमा कंपनी द्वारा मृतक के दावे की प्राप्ति की तिथि से तीन माह के भीतर भुगतान नहीं किया जाता है तो बीमा कंपनी प कार्रवाई होगी।

**जयन्त**

संस्थापक

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक

नागेन्द्र उनियाल

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382-222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com